**एजेंसी देना हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

*की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें*

दैनिक

# जनसेवा समाचार

MPHIN/2013/53952

**आवश्यकता हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

*को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।*

वर्ष-20 | अंक-123 | प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, गुरूवार 15 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये




हथियारों की चार फैक्टियां

**16 महिला समेत 31 वर्दीधारी नक्सलियों को किया गया ढेर**

डीजीपी ने बताया कि खूफिया इनपुट के बाद सटीक ऑपरेशन की योजना तैयार कर 21 अप्रैल को ऑपरेशन लांच किया गया, जो 11 मई तक चला। 21 अप्रैल को जवानों द्वारा कर्रेगुट्टा हिल्स की घेराबंदी शुरू की गई थी। इस दौरान नक्सलियों के साथ 21 मुठभेड़ों में 16 महिला समेत कुल 31 वर्दीधारी माओवादियों के शव और 35 हथियार बरामद किए गए। मारे गए नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 01, तेलंगाना राज्य समिति व दंडकारण्य विशेष जोनल समिति सदस्य हैं। शवों की विस्तृत पहचान प्रक्रिया जारी है। लगातार 21 दिनों तक चलने वाले शेष पेज 7 पर

# 21 दिन, 21 मुठभेड़ और मार गिराए 31 नक्सली, पहाड़ियों पर मिली 250 गुफाएं

जगदलपुर (एजेंसी)

नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े 21 दिन चले एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने 1.72 करोड़ के 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों के जवानों ने 450 आईईडी निष्क्रिय करते हुए केजीएच हिल्स पहुंचे तथा 4 हथियार फैक्ट्री व 250 गुफा को ध्वस्त कर दिया। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शवों के अलावा सैकड़ों की संख्या में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किए।प्रेसवार्ता में डीजीपी सीआरपीएफ अभय प्रताप, छग





**18 जवान घायल**

डीजीपी ने बताया कि अभियान के दौरान 216 माओवादी ठिकाने व बंकर नष्ट किए गए। इन बंकरों व नक्सल ठिकानों की तलाशी के दौरान 450 आईईडी, 818 बीजीएल सेल, 899 बंडल कार्डेक्स, डेटोनेटर एवं भारी मात्रा में विस्फोटक

## शाह बोले- ऐतिहासिक सफलता



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया। पूरे देश को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं।

## आतंक की जड़ों से प्रहार : साय



सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में हमारे अर्धसैनिक बल व डीआरजी के जवानों को मिली यह सफलता माओवाद की जड़ों पर प्रहार है। हम निश्चित ही मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त

**बीईएमएल के चेयरमेन को सौंपा रायसेन में नई इकाई के लिए भूमि आवंटन-पत्र**

# रायसेन में मेट्रो-रेल कोच कारखाना लगेगा

विशेष संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है। अलग-अलग कम्पनियों ने इस क्षेत्र में जो कार्य किया है, वह मेड इन इंडिया का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। देश में मेट्रो और वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल के विभिन्न उपकरणों का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल, मध्यप्रदेश में रोलिंग स्टॉफ और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से मध्यप्रदेश के संबंध प्रगाढ़ होंगे। हम अनेक कार्यों में परस्पर विकास के नये रास्ते खालेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को बेंगलुरू में बीईएमएल कार्यशाला के भ्रमण के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बेंगलुरू स्थित बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र से 2100वें मेट्रो कोच को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन जिले के उमरिया क्षेत्र में बीईएमएल की नई रोलिंग स्टॉक विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र कंपनी के चेयरमैन और एमडी शांतनु रॉय को सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह क्षण मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण है। बीईएमएल में निर्मित 2100वें मेट्रो कोच का शुभारंभ भारत की उन्नत निर्माण क्षमता, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और स्वदेशी तकनीक के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है। देखें पेज-12



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के सीएमडी शांतनु रॉय को भूमि आवंटन पत्र सौंपते हुए।

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे आधुनिकीकरण का हुआ है अद्भुत कार्य: मुख्यमंत्री
- रायसेन में बीईएमएल की नई निर्माण इकाइयों की होगी स्थापना
- मध्यप्रदेश-कर्नाटक मिलकर खोलेंगे परस्पर विकास के नए रास्ते
- बीईएमएल के 2100वें मेट्रो कोच की टेस्ट राइड कर किया रवाना

### 60 हजार हेक्टेयर से ज्यादा भूमि आवंटित की गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के रायसेन में बीईएमएल की इकाई स्थापना को एक अभूतपूर्व कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा। साथ ही युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। रायसेन में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना प्रदेश के समावेशी एवं सतत विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। मध्यप्रदेश शासन, मप्र औद्योगिक विकास निगम और बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन ने इस इकाई के लिए कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है।

### रायसेन में हमारी इकाई का विस्तार भारत के नगरीय रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और गतिशीलता एवं सशक्त बनाएगा: सीएमडी रॉय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए बीईएमएल के चेयरमैन और सीएमडी शांतनु रॉय ने कहा कि बीईएमएल उनके विश्वास पर खरी उतरेगी। रायसेन में हमारी इकाई का विस्तार भारत के नगरीय रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और गतिशीलता एवं सशक्त बनाएगा। 2100वें मेट्रो कोच का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि हमारे सहयोगी संस्थानों ने बीईएमएल पर निरंतर विश्वास जताया है। यह उपलब्धि हमारे नवाचार, स्वदेशीकरण एवं गुणवत्ता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साथ ही देश की औद्योगिक उन्नति एवं रोजगार सृजन में हमारी भूमिका को सुदृढ़ करती है।

### मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए रवाना किया गया 2100 कोच

बीईएमएल का 2100वां मेट्रो कोच मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के माध्यम से निर्मित किया गया है। इसमें ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन मानकों के अनुसार ड्राइवरलेस संचालन की सुविधा उपलब्ध है। इस कोच में अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) स्मार्ट सुरक्षा प्रणालियाँ और वैश्विक मानकों के अनुरूप अनेक आधुनिक सुविधाएँ शामिल की गई हैं।

**कर्नल सोफिया पर दिया था विवादित बयान**

# मंत्री विजय शाह पर उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मानपुर थाने में प्राथमिकी

विशेष संवाददाता, इंदौर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आखिरकार पुलिस ने बुधवार रात करीब 11:00 बजे प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इंदौर के मानपुर थाने में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर देर रात मंथन भी चलता रहा। हालांकि, मंत्री के इस्तीफे को लेकर कोई बात सामने नहीं आई। इधर, प्राथमिकी को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट मंत्री विजय शाह के बयान के संदर्भ में कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान दिया था। उन्हें आतंकियों की बहन बताया था। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को उनके इस बयान पर स्वतः संज्ञान लिया था। जबलपुर उच्च न्यायालय के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने डीजीपी को आज की तारीख में ही मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस महानिदेशक को अनावेदक बनाया गया है। याचिका पर अगली सुनवाई गुरुवार की सुबह 10:30 बजे निर्धारित की गई है।

**मंत्री विजय शाह का बयान सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाला**

दरअसल, उच्च न्यायालय ने कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाला हैं। भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने का अपराध दर्ज करें। अगर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो पुलिस महानिदेशक पर कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई होगी। उच्च न्यायालय ने पाया कि प्रथम दृष्टया बीएनएस के तहत मंत्री के खिलाफ अपराध सिद्ध होते हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत अपराध बनता है, जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों को अपराध घोषित करता है। बीएनएस की धारा 192 के तहत भी प्रथम दृष्टया अपराध बनता है, जो धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा या जाति के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने से संबंधित है।

### महिला आयोग ने मंत्री के बयान को बताया अपमानजनक



इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मामले को संज्ञान में लेकर मंत्री विजय शाह के बयान को अपमानजनक बताया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, जो महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अस्वीकार्य हैं। मंत्री शाह के बयान से नाराज पार्टी आलाकमान ने उन्हें प्रदेश मुख्यालय तलब कर लिया। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के बुलावे पर मंत्री हवाई चप्पल में ही पार्टी दफ्तर पहुंचे।

### कांग्रेस ने किया प्रदेश में प्रदर्शन

वहीं, मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस आक्रामक है। मंत्री के खिलाफ एफआईआर और उनकी बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश भर में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इंदौर में महिला कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। सेवादल ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। रतलाम में पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। खंडवा, श्योपुर, भिंड और नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में मंत्री विजय शाह पर एफआईआर और इस्तीफे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया है।

### टेटवाल बड़वानी के भी प्रभारी मंत्री



**भोपाल।** विजय शाह के विवादित बयान के बाद हुई राजनीतिक उठापटक के चलते बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री बदल गए है। सरकार ने बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार की जगह यह जिम्मेदारी गौतम टेटवाल को सौंपी गई है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार शाम आदेश जारी किया गया। टेटवाल को अब उज्जैन के साथ ही बड़वानी जिले का भी प्रभार मिल गया है।

## नागरिकता मामले में राहुल को बड़ी राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में दायर एक नई याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को पहले निपटाए गए मामले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। कर्नाटक के याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने मामले में नए साक्ष्य पेश करने का दावा करते हुए नई याचिका दायर की थी।

## चीन के नाम देने को भारत ने खारिज किया

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन के अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदलने के प्रयासों को दृढ़ता के साथ खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि चीन के इस प्रयास का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अपरिवर्तनीय हिस्सा है।

**डेटा से सशक्तिकरण तक**

# राज्य स्तरीय कार्यशाला में एफपीओ को समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**भोपाल।** डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट ने डिजिटल डेटा के माध्यम से एफपीओ के लिए नवीन अवसरों का विकास विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल स्थित होटल रीजेंटा पैलेस में किया। इस आयोजन में मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 80 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और स्वयंसेवी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साथ ही, सरकार, अनुसंधान संस्थानों और वित्तीय संस्थानों के 20 से अधिक प्रमुख हितधारकों की सहभागिता भी रही।

इस कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना और यह समझना था कि किस प्रकार तकनीक एफपीओ को अधिक कुशल, संगठित और प्रभावी बना सकती है। यह आयोजन ई-फार्म परियोजना के अंतर्गत किया गया, जिसे वालमार्ट फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है। इस परियोजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को डिजिटल उपकरणों और प्रशिक्षण के माध्यम से एफपीओ के माध्यम से सशक्त करना तथा डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। ई-फार्म परियोजना ग्रामीण समुदायों में डिजिटल खाई को पाटते हुए, एफपीओ को मजबूत बनाकर लघु खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। साथ ही, यह स्केलेबल डिजिटल समाधानों के माध्यम से अंतिम छोर तक कृषि परामर्श सेवाओं को मजबूत करती है और खाद्य सुरक्षा, जलवायु कार्रवाई और लैंगिक समानता जैसे व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप सतत कृषि को प्रोत्साहित करती है। वालमार्ट फाउंडेशन के सोशल एंड एनवायरनमेंटल इम्पैक्ट एडवाइज़र, निशांत गुप्ता ने कहा डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट की ई-फार्म परियोजना कृषि क्षेत्र में परिवर्तन का प्रेरक तत्व है। यह एफपीओ को डेटा-आधारित समाधान प्रदान कर न केवल महिला किसानों को सशक्त बना रही है, बल्कि जलवायु अनुकूलन को भी बढ़ावा दे रही है। इससे टिकाऊ, समानता आधारित और स्केलेबल कृषि प्रणाली की नींव रखी जा रही है। डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने स्थायी कृषि प्रथाओं के बदलते परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता पर भी चर्चा की। यह एक एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म है, जो किसानों को 24/7 स्थानीय भाषाओं में वैज्ञानिक कृषि सलाह प्रदान करता है। इसका डिज़ाइन जलवायु के अनुकूल और लैंगिक दृष्टिकोण से समावेशी है, जिससे महिला किसानों को विशेष सहयोग और आधुनिक कृषि चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है।

## अजय कुमार यूपीएससी के नए अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार को संघ लोकसेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। केरल कैडर के 1985 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार ने पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन का स्थान लिया है। उनका कार्यकाल 29 अप्रैल को समाप्त हो गया था। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के आदेश में कहा है कि डॉ. अजय कुमार को यूपीएससी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

## सोमेश्वरानंद अभा धर्म रक्षा समिति के प्रधान संरक्षक



**हरिद्वार।** निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वरानंद गिरी को षडदर्शन साधू समाज की अखिल भारतीय धर्म रक्षा समिति का प्रधान संरक्षक नियुक्त किया गया है। यह निर्णय बैरागी कैंप में आयोजित संतों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संत समाज ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वामी सोमेश्वरानंद के नेतृत्व में हिंदू धर्म की पताका वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त रूप से फहराई जाएगी।

# 21 दिन बाद पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार को लौटाया

एजेंसी, चंडीगढ़



पाकिस्तान ने करीब 21 दिन बाद बीएसएफ के जवान को आज भारतीय सेना के हवाले कर दिया। कई बार की फ्लैग मीटिंग के बाद आज पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को रिहा करने का फैसला लिया। पश्चिम बंगाल के रहने वाले जवान पूर्णम कुमार शॉ 23 अप्रैल को भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गश्त के दौरान गलती से सीमा पार कर गए थे। यह घटना पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर के पास हुई थी। वह बीएसएफ की 73वीं बटालियन में तैनात हैं। सीमा पार करते ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में ले गए। जवान के लापता होने के तुरंत बाद बीएसएफ ने अपने समकक्ष पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया। तब इस बात की पुष्टि हुई कि जवान पाकिस्तान की हिरासत में है। पूर्णम कुमार की रिहाई के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच कई बार फ्लैग मीटिंग भी हुई। एक बैठक में पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि नहीं आया। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया और पाकिस्तान की तरफ से भारी सीमा में गोलाबारी की गई। दोनों देशों के बीच संघर्षविराम होने के बाद अब हालात सामान्य होने लगे हैं। कई बैठकों तथा भारतीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बुधवार सुबह अमृतसर स्थित अटारी के संयुक्त चेक पोस्ट के माध्यम से पूर्णम कुमार को भारत के हवाले कर दिया गया।

- कई बार फ्लैग मीटिंग के बाद हुआ फैसला

### राजनीतिक दलों ने किया स्वागत, प्रधानमंत्री का आभार माना

पूर्णम कुमार की रिहाई का राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। भाजपा ने विशेष रूप से इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। भाजपा के महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि एक अत्यंत सुखद क्षण है। इसमें भारत की चमक और धमक साफ झलकती है। यह हमारी वीर सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व का प्रतीक है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्णम कुमार की रिहाई का बुधवार को स्वागत किया और कहा कि जवान की वापसी सुनिश्चित करने के प्रयासों के दौरान वह लगातार उनके परिवार के संपर्क में थीं।

# कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के 9 सदस्यों को किया गिरफ्तार




**■ आरोपियों से 25 लाख कीमत की चोरी गई 20 मोटरसाइकिलें जब्त**

सीधी ( नि.प्र. )

कोतवाली व आसपास के थाना क्षेत्रों में दो पहिया वाहन चोर आए दिन वारदात कर पुलिस को चुनौती दे रहे थे। कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। इनके पास से 25 लाख रुपए कीमत के कुल 20 दो पहिया वाहन जप्त हुए हैं, जो थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी कर लिए गए थे। बताया जाता है कि आरोपी बाइक को चोरी कर सस्ते दामों पर बेच दिया करते थे।

सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश व अति. पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन व सीएसपी पी. एस. परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक सिंह परिहार व पुलिस टीम ने मोटर सायकलों की चोरी करने वाले एवं चोरी की मोटरसाईकल खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया था। जिनके द्वारा सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियों व अपचारी बालकों से विस्तृत पूछताछ की तो उन्होंने अपने और अन्य साथी सोनू कुमार साकेत निवासी करैला थाना मोरवा, शनि कुमार साकेत निवासी जरहां थाना माडा के साथ शहर वैढन के अलग अलग स्थानों से करीब 20 मोटरसाईकलों की चोरी करना तथा चोरी की हुई मोटर साईकलों में से कुछ का स्वयं उपयोग करना तथा कुछ को बिक्री कर देना तथा कुछ मोटरसाईकल को छिपाकर रखना बताया गया।

इनमें सोनू कुमार साकेत व शनि कुमार साकेत को गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ की गई जो सात मोटर साईकलों को राहुल साकेत, संजू साकेत, अंजनी साकेत व देवलाल साकेत को सस्ते दरों पर बिक्री करना तथा शेष मोटर साईकलों को छिपाकर रखना बताया गया। सभी चोरी करने वालें आरोपियों, अपचारी बालकों एवं चोरी की मोटरसाईकल खरीदने वाले आरोपियों के कब्जे से कुल 20 नग मोटरसाईकल कुल कीमती करीब 25 लाख रुपये की बरामदगी की गई।

पकड़े गए आरोपी सोनू कुमार साकेत पिता रामप्रसाद साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी करैला चौकी गोरबी थाना, शनि साकेत पिता अर्जुन साकेत उम्र 20 वर्ष, अक्षय कुमार साकेत पिता धनमंत लाल साकेत उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी जरहां, देवलाल साकेत पिता हरिप्रसाद साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी गोरबी, अंजनी साकेत पिता राजेन्द्र साकेत उम्र 19 वर्ष व संजू साकेत पिता लालता साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी मोरवा, राहुल साकेत पिता रूपनारायण साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी पंजरेह बस्ती मोरवा समेत दो अपचारी बालक से थाना अंतर्गत चोरी गई अन्य मोटरसायकलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं उन्हें आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सभागार में इस मामले का खुलासा करते हुए सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरोपियों एवं अपचारी बालकों द्वारा नई नई बाईकों से चलने एवं बाइकों को बिक्री कर अपने शौक पूरा करने के लिए बैढ़न शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे ट्रामा सेंटर, सब्जी मण्डी, मल्हार पार्क के पास बैढ़न व न्यायालय परिसर के पास में खड़ी बिना लाक की हुई मोटरसायकलों को स्विच से डायरेक्ट स्टार्ट कर चोरी करते थे। चोरी करने के बाद मोटरसायकलों को सूनसान स्थानों में छिपाकर मोटरसायकलों के नंबर प्लेट निकालकर, चेचिस नंबर घिस देना व ग्राहक ढूढ़कर सस्ते दामों में बेच दिया करते थे।

पुलिस ने बताया कि चोरी गई मोटरसाइकिलों को राहुल साकेत, संजू साकेत, अंजनी साकेत, देवलाल साकेत सभी निवासी मोरवा को बेची गई थी, जिनके पेश करने पर कुल 07 मोटरसायकिलें जप्त किया गया है। 03 मोटरसायकलों को आरोपी अक्षय साकेत व अपचारी बालकों से घटना स्थल बिलौंजी बैढन से जप्त की गई है। इसके अतिरिक्त आरोपी सोनू साकेत व शनि साकेत से 01 मोटरसायकल पीडब्ल्यूडी वैढन के बंद खडहर घर से व शेष 09 मोटरसायकल आरोपी सोनू साकेत व शनि साकेत से बलियरी बंधा के पास बने खंडहरों के बंद मकान से जप्त की गई है।

### विशेष योगदान

इस कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी निरी. अशोक सिंह परिहार, उनि उदयचंद करिहार, उनि संदीप नामदेव, उनि विनोद सिंह, सउनि अरविंद द्विवेदी, पप्पू सिंह, उमेश द्विवेदी, अशोक सिंह, गुलराज सिंह, प्रआर जितेन्द्र सेंगर, अंकित सिंह, शिवम सिंह, दीपक शिवहरे, पवन पाण्डेय, संजीत सिंह, मो. कौसर, कुलदीप शर्मा, अजीत सिंह, राजबहोर प्रजापति, उमाकांत शुक्ला, आरक्षक अभिमन्यु उपाध्याय, संजू धुर्वे, टुम्मन पन्द्रे, कियामुद्दीन अंसारी का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम के आगमन को लेकर हो रही तैयारीः डॉ. राजेश

सीधी ( नि.प्र. ) लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 मई को प्रस्तावित सीधी दौरे को लेकर कहा कि मेरे नामांकन फार्म में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भरपूर आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त हुआ था। जिसके कारण केवल मैं ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की सभी 29 की 29 सीटे जीतकर प्रदेश की जनता जनार्दन ने इतिहास रचा था। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि मैं जनता जनार्दन के आशीर्वाद से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर सीधी जिले में एक बार पुन- आने के लिए आमंत्रित किया था। मेरे आमंत्रण पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले वासियों को करोड़ों की सौगात देने के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सीधी नगर और मझौली नगर में आगमन हो रहा है। इसके लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सभी जनप्रतिनिधि जोरदार तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री का आगमन निश्चित रूप से हम सभी के लिए सौभाग्यशाली होगा।

### अनन्या सिंह का रहाउत्कृष्ट प्रदर्शन

सीधी ( नि.प्र. ) पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीधी का रिजल्ट कक्षा 12वीं का रिजल्ट बोर्ड ने जारी किया है,जिसमें ग्राम डेम्हा की छात्रा अनन्या सिंह पिता अजय सिंह (बाबा) ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता पिता समेत पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। एक मिडिल क्लास फैमिली से बिलॉन्ग करने वाली अनन्या की रुचि शुरू से ही पढ़ाई के क्षेत्र में एक अव्वल स्थान प्राप्त करने की थी,उनके परिणाम ने यह साबित किया है कि वे अपनी पढ़ाई में पूरी मेहनत और लगन के साथ जुटी हुई थीं। कॉमर्स की छात्रा अनन्या ने इंग्लिश में 92,हिंदी में 93 इकोनॉमिक्स में96 बिजनेस स्टडी में 87 एकाउंटेंसी द्व्व 78 एवं योगा में 90 अंकों के साथ 91.6व्व अर्जित किया है। अनन्या की इस सफलता से क्षेत्र में गांव ,क्षेत्र,परिवार एवं रिश्तेदारों में खुशी की लहर है,तथा सभी ने अनन्या को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी है।



# प्रशासन के एक पत्र ने भाजपा नेताओं में मचा दी खलबली

## कलेक्टर सहित प्रशासन के खिलाफ सोशल मीडिया में हो रही टिप्पणियां


आमंत्रण - पत्र
लाडली बहना योजना
अन्तर्गत
माह मई 2025 लाड़ली बहना हेतु राशि अंतरण तथा हितग्राही सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम
15 मई 2025 गुरूवार, सुबह - 10.00 बजे
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन
अध्यक्षता
श्री दिलीप जायसवाल
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कुटीर एवं ग्रामोद्योग म.प्र. शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला-सीधी
विशिष्ट अतिथिगण
डॉ. राजेश मिश्रा — श्रीमती रीती पाठक
श्री अजय सिंह — श्री विश्वामित्र पाठक
श्री कुँवर सिंह टेकाम — श्रीमती मंजू-रामजी सिंह
कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

सीधी ( नि.प्र. )

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिसमें भाजपा संगठन के लोगों का नाम न होने से पार्टी के ही नेता प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दिए हैं। उनका कहना है कि जिले के जिम्मेदार संगठन के पदाधिकारियों का नाम न होना प्रशासनिक लापरवाही मानी जा सकती है। इस मामले में अब विरोध का स्वर कम नहीं दिख रहा है। फिर भी देखना है कि मामले में क्या पहल होती है।

पूरे मामले को लेकर जिस तरह से विरोध दिख रहा है उससे लगता है कि लोगों में काफी नाराजगी है। भाजपा के ही महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित भाजयुमो जिला अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने जो टिप्पणी सोशल मीडिया में किए हैं उससे यह लगता है कि नाराजगी तो बनी है। ऐसे में मुख्यमंत्री के आने के पहले इस तरह की टिप्पणियां शुरू हो गई हैं।

### प्रशासन को होश में आने की जरूरतः निशांत

भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा ने सोशल मीडिया में पोस्ट जारी किए। जिसमें उन्होने कहा कि जिला प्रशासन को होश में आने की जरूरत है। संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी का नाम एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान का नाम न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।



### सत्ता श्रृंगार है तो संगठन है उसकी जानः पूनम

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी से सोशल मीडिया में टिप्पणी की सत्ता श्रृंगार है तो संगठन उसकी जान है। लाडली बहना योजना के नाम पर जो पत्र प्रशासन द्वारा जारी किया गया है उसके खिलाफ वह भी आवाज बुलंद की हैं। इसके साथ ही कई नेता भी आवाज बुलंद करते देखे जा रहे हैं।



### मन में मलाल, फिर भी बोलने को तैयार नहींः देवकुमार

इस मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह ने सहज भाषा में यही बोले कि हमें नाम की जरूरत नहीं है। हमारा नाम क्यों नहीं डाला गया है कलेक्टर से पूंछिए। उन्होने कहा कि बिना बुलाए भी हम जाएंगे और मुख्यमंत्री के आने की तैयारी बैठक ले रहे हैं।



### मामले की ली जा रही जानकारीः राज

जिला पंचायत के सीईओ अंशुमान राज ने कहा कि शासकीय कार्यक्रम था लेकिन किस वजह से क्या दिक्कत हुई है इसकी जानकारी हम ले रहे हैं। जो त्रुटि होगी उसमें सुधार किया जाएगा।



# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में गणेश स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



सीधी ( नि.प्र. )

मंगलवार को सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। घोषित परिणाम में एक बार फिर से शहर के श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा के विद्यार्थियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उनके मेहनत के पीछे शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग एवं बच्चों की कड़ी मेहनत से एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए गणेश स्कूल का नाम पूरे जिले में रौशन किया। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया, कक्षा 12वीं में होनहार छात्रा विधि केसरी ने आर्ट्स ग्रुप में 98.4 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। तो वही आर्ट्स ग्रुप में श्रुति मिश्रा ने 97.8 फीसदी अंक लेकर विद्यालय में अव्वल रही। नैंसी कुहार 95 फीसदी (आर्ट्स ग्रुप), शिवा सिंह पटेल 94.2 फीसदी (आर्ट्स ग्रुप), लक्ष्य कामदार 93.8 फीसदी (कामर्स ग्रुप), अभिजीत सिंह 93.4 फीसदी (मैथ्स ग्रुप), प्रगति गुप्ता 93.2 फीसदी (कामर्स ग्रुप), प्रभात कुमार पाण्डेय 91.2 फीसदी (आर्ट्स ग्रुप), वैभव पाण्डेय 90.4 फीसदी (आर्ट्स ग्रुप) अंक हासिल किए। वही, कक्षा 10वीं में आयुष निगम 93.8 फीसदी अंक अर्जित कर विद्यालय में अव्वल रहे। जेनिथ केसरी 91 फीसदी, देवांशी पटेल 90 फीसदी अंको के साथ विद्यालय में क्रमशः स्थान प्राप्त किए।

छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के संचालक व डायरेक्टर नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन, अभिभावकों के योगदान तथा विद्यालय के दृढ अनुशासन एवं सुनियोजित शिक्षा प्रणाली को देते हुए हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार बच्चों में विषय ज्ञान के अतिरिक्त व्यव्हार में नैतिक मूल्यों का समावेष करने के लिए कृतसंकल्पित है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाता रहा है। विद्यालय के डायरेक्टर नीरज शर्मा ने भविष्य में और अच्छे परीक्षा परिणाम की प्रतिबद्धता दोहराते हुए छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का वचन दिया।

प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कहा कि उत्कृष्ट अंकों, मेहनत और लगन के दम पर हमारे छात्रों ने न केवल शानदार परिणाम हासिल किए, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। परीक्षा प्रभारी संजय सिंह चौहान एवं धर्मेन्द्र मिश्र, अर्चना मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार साकेत, तरुणनाथ मिश्र, राजेश कुमार नवैत, रविराज सिंह परिहार, आशीष कुमार शुक्ल, बालेश्वर शुक्ल, अन्वेषा डे, अभय कुमार पाण्डेय, ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी, दीपिका शुक्ला, भानवी सिंह, शुभाष शुक्ल, सुदीपा सिंह, नागेन्द्र तिवारी, विकाश द्विवेदी, सूरज शुक्ल एवं विश्वाश पाण्डेय आदि ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, एक गंभीर

सीधी ( नि.प्र. )

जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत ग्राम पटपरा में मंगलवार की सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। सुबह करीब 9 बजे लालीमाटी की ओर से मुख्य मार्ग पर जा रहे एक बाइक सवार को सिहावल की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर इकठ्ठा हो गए और घायल को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घायल की पहचान रविंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो अपने घर से बाजार में सामान लेने निकले थे, दुर्भाग्यवश रास्ते में उन्हें यह हादसा झेलना पड़ा। राहगीर संतोष गुप्ता ने हादसे की सूचना तत्काल कमर्जी थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रक को मौके पर ही जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और घायल को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।



# खड्डी पुलिस ने किया गांजा के आरोपी को गिरफ्तार




सीधी ( नि.प्र. )

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी नीरज साकेत एवं टीम ने मादक पदार्थ विक्रेता को गिरफ्तार करते हुए 5.160 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सतोहरी का रामराज तिवारी अपने घर के अंदर अवैध मादक पदार्थ गाजा बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी खड्डी नें वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना हुए एवं मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम सतोहरी रामराज तिवारी के घर पहुंच कर घर की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को कमरे मे एक सफेद रंग के झोले मे अवैध मादक पदार्थ गाजा बरामद हुआ जिसको तौल करने पर 5 किलो 160 ग्राम कीमती 77 हजार 400 रूपए पाया गया जिसको विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी रामराज तिवारी पिता केमलाराज तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी सतोहरी चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को गिरफ्तार कर चौकी लाया गया एवं आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया तथा आरोपी को वैधानिक कार्रवाई पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत, आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक वेद प्रकाश केवट, नायक कृष्ण कुमार पाण्डेय, सैनिक राजबहोर द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## कार्यक्रम

### एनसीएल में उल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

# कार्य के बीच थोड़ा समय योग व ध्यान के लिए निकालेंः श्रीकुमार





सीधी ( नि.प्र. )

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान अधिकारी क्लब, सिंगरौली में केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार मुख्य अतिथि तथा सीएमएस एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, कृति महिला मण्डल उपाध्यक्षा, श्रीमती नम्रता कुमार, सीएमएस (प्रभारी) केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता, श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान अपने उद्बोधन में श्री कुमार ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएँ दीं एवं नर्सों को उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें उपस्थित सभी से अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच हुए अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का भी विशेष ध्यान रखने हेतु सुझाव दिया एवं सभी से कार्य के बीच थोड़ा समय निकालकर योग और मेडिटेशन जैसे गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियोंङ्क गीत, डांस, प्ले/स्कीट, मेडिकल अवेयरनेस स्पीच, कविता वाचन, फ़ैशन वॉक, सोलो डांस एवं गायन का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि हर साल स्वास्थ्य संस्थानों में नर्सों के योगदान को सम्मान देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।

# आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त माकानों का सिंगरौली विधायक ने किया निरीक्षण



सीधी ( नि.प्र. )

विगत दिवस आए हुए आंधी तूफान के कारण नगरी क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम चंद्रावल में क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी । विदित हो कि विगत दिवस क्षेत्र में आए हुए तीव्र आंधी तूफान के कारण नगरी क्षेत्र के ग्राम चंदावल में कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए है विधायक रामनिवास शाह को जैसे ही इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त मकानों के लिए आर्थिक सहायता हेतु पहल की जाएगी ।वहीं कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा राजस्व अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए गए कि क्षतिग्रस्त मकानों का मौके पर निरीक्षण किया जाकर नियम अनुसार संबंधित मकान स्वामियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने हेतु समय सीमा के भीतर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की ताकत बनें, पुलिस से जुड़ें और देशभक्ति की भूमिका अदा करें : विरेंद्र धार्वे

## पुलिस की सुरक्षात्मक बैठक आयोजित

## युद्ध नीतियों के साथ साथ सुरक्षा पर जागरूक किया

## नागरिक सुरक्षा सदस्य व वैलेंटियरों की होगी सीधी भर्ती

**कटनी ( ब्यूरो )**



विजयराघवगढ़ थाना परिसर में आला अधिकारियों की उपस्थिति मे नगर के गणमान्य नागरिको जन प्रतिनिधियों पत्रकारों के बीच थाना प्रभारी ने देश के हालातों को लेकर सुरक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना तथा पुलिस व्यवस्था मे सहयोग करना था। बैठक के दौरान एसडीओपी विरेंद्र धार्वे ने सभी उपस्थित जनो से कहा की सभी लोग जागरूक हो किसी तरह की अफवाह न फैलाए न ही अफवाहों में विश्वास करे। हिन्दू मुस्लिम जाति धर्म को लेकर किसी भी तरह के विवाद न करे मिल कर रहे अपराधिक गतिविधियों की जानकारी लगे या संका हो तो पुलिस को बताए शोसल मिडिया प्लेटफार्म पर अनेको तरह की लिंक आ रही है जो मोवाईल को हैक कर आप की सम्पूर्ण जानकारी ले सकते हैं एसी किसी भी लिंक को टच न करे साथ ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने सभी से क्षेत्री गतिविधियों की जानकारी मांगी तथा कहा की कोई भी व्यक्ति संका के दायरे मे दिखे तो तुरंत जानकारी दे संदिग्ध वस्तु न छुऐ शोसल मिडिया प्लेटफार्म पर दूसरो की पोस्ट फार्वड करने से बचे बिना सत्यता की जानकारी के कोई पोस्ट न करे अंयथा कानूनी कार्रवाई हो सकती है। पाकिस्तान से सम्पर्क मे रहने वाले किसी भी व्यक्ति की जानकारी हो तो पुलिस से जानकारी साझा करे। बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार ने कहा की जिला प्रशासन से लेकर ब्लाक स्तर ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन द्वारा जागरूक किया जा रहा है युद्ध समाप्त हो गया है किन्तु पूरी तरह हालत नियंत्रण मे नही है पाकिस्तान पर भरोसा करना हमारी चुक होगी। तहसीलदार मनीश शुक्ला ने कहा की लोगो को जागरूक होना चाहिए यह एक व्यक्ति की सुरक्षा का मामला नही पूरे देश और देशवासियों का मामला है हमे गम्भीर होना चाहिए प्रशासनिक अधिकारी पुलिस आप लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। आप की हरकत कानून को कार्यवाई के लिए प्रेरित करेगी। अंत मे एसडीओपी विरेंद्र धार्वे, तहसीलदार मनीश शुक्ला थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने मिडिया के माध्यम से भी बैठक के विषय मे जानकारी साझा की और कहा मिडिया एक विश्वासनिय स्तम्भ है जो समाज तक सच्चाई बताती है। शोसल मिडिया पर कुछ भी अफवाहे अगर फैलती है तो उसकी जानकारी आप लोग सच्चाई के साथ बताए। हर व्यक्ति को बताए की अगर युद्ध के हालात निर्मित होते है तो किस तरह जागरूक रहते हुए अपनी व अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा करे।

### पुलिस विभाग से जुड कर सदस्य या वोलेंटियर बने

एसडीओपी विरेंद्र धार्वे थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने सभी वर्ग के युवाओं से आग्रह पूर्वक कहा की पुलिस बल की ताकत हर नौ जवान बन सकता है पुलिस द्वारा नागरिक सुरक्षा सदस्य बनाए जा रहे है। तथा वैलेंटियरो की भर्ती की जा रही है जो पुलिस की ताकत बनेगे पुलिस को गाव गाव हर कशवे व नगर मुहल्ले की जानकारी देगे वैलेंटियर एक जिम्मेदार पुलिस का मुखविर के रूप मे होगा। सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा यह कदम उठाए जा रहे है। इस दौरान एसडीओपी विरेंद्र धार्वे, तहसीलदार मनीश शुक्ला, बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार, थाना प्रभारी रितेश शर्मा, कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान, बंजारी सरपंच छोटे चच्चा, पार्षद स्तफाक खान, एडवोकेट मंजू बर्मन, बीपी लाला सेन, अंशुल सराफ, माधुरी मिश्रा, बलराम गुप्ता, माजीद खान, गुडडा कबाडी, देवांशु कछवाहा, मज्जू कोल, जयराम साकेत, अंजनी झा, उपनिरीक्षक आर के झारिया, अरविंद गर्ग, मिना धुरवे, पप्पू प्रजापति, जय सिंह ठाकुर, जगदीश पांडे, नेहा सिंह, मुकेश सिंह, आदि उपस्थित रह कर पुलिस की बैठक मे एक दूसरे से बाते साझा की तथा सभी ने संकल्प लिया की हर व्यक्ति को जागरूक करेगे सभी को सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग देगे पुलिस की व्यवस्था पर अपना सहयोग करेगे।



# थाना बाकल में अंतरराज्यीय आदतन चोर हुए गिरफ्तार

**कटनी ( ब्यूरो )**

पुलिस अधीक्षक कटनी के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन मे थाना बाकल पुलिस ने बाकल क्षेत्र में 23 मार्च को ग्राम पटोरी खुर्द प्रार्थी प्रवीण कुमार सिंह पिता रघुवीर सिंह गोंड उम्र 25 साल ग्राम पटोरी खुर्द थाना बाकल जिला कटनी ने अज्ञात चोर द्वारा घर की दीवार खोद कर नगदी ले जाना बताया जिसे थाना बाकल पुलिस द्वारा संज्ञान में लेते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस मुखबिरी से एक आरोपी कद्दू माझी उर्फ राहुल माझी को 31 मार्च को गिरफ्तार कर अन्य आरोपी के बारे में पूछताछ की गई जिसने चौकी बिलहरी के निवासी आदतन चोर सत्यभान माझी व पवन जिनके पूर्व में भी चोरी व अवैध शराब को लेकर अपराध अलग अलग जिले में पंजीबद्ध है। जो घटना दिनांक से फरार चल रहे थे जिनकी जानकारी चौकी बिलहरी में दी गई । जो 08 मई को चौकी बिलहरी पुलिस द्वारा उक्त दो आरोपी धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराते हुए अपराध करना पाए गए। उक्त दोनों आरोपी का नाम पता पूछने पर अपना सत्यभान व पवन बताया जिनकी सूचना पर थाना बाकल पुलिस ने चौकी बिलहरी जाकर उनसे पूछताछ की जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि घटना दिनांक की रात को आरोपीगण प्रार्थी के घर रॉड से खोद कर अलमारी में रखे नगदी चोरी की जिनसे घटना स्थल जाकर सबूत एकत्रित किए गए बाद नगदी पैसों की बरामदगी की गई दोनों फरार आरोपी सत्यभान पिता चौबे माझी उम्र 30 साल निवासी बिलहरी थाना कुठला व पवन माझी पिता देवडोन माझी उम्र 19 साल निवासी बिलहरी थाना कुठला को गिरफ्तार कर जिला कटनी न्यायलय पेश कर जेल भेजा गया।

# शिक्षकों की दोषपूर्ण अतिशेष की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की मांग: शिक्षक कांग्रेस

**कटनी ( ब्यूरो )**



वर्तमान में पूरे प्रदेश में शिक्षकों के स्थानांतरण एवं अतिशेष की कार्रवाई के प्रचलित होने पर शिक्षकों में भय एवं आतंक का वातावरण बना हुआ है। शिक्षक कांग्रेस के प्रांतअध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने बताया है कि शिक्षकों की अतिशेष की प्रक्रिया शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विपरीत है। स्कूल शिक्षा विभाग के नवीन 3.0 पोर्टल के माध्यम से जिस प्रकार से अतिशेष शिक्षकों की सूची प्रदर्शित की गई है वह छात्र संख्या की गणना से बाहर है। अनेक शालाओं में भौतिक स्तर पर दर्ज संख्या के अनुसार ही शिक्षक पदस्थ हैं किंतु उन्हें भी अतिशेष के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है, आश्चर्य का विषय यह है कि शिक्षकों को अपना वास्तविक न्याय का पक्ष रखने का भी अवसर नहीं दिया जा रहा है एवं साथ ही कठोर भाषा में यह आदेशित किया गया है कि यह शिक्षक स्वयं से ही स्थानांतरण का आवेदन नहीं करते हैं तो उन्हें प्रशासनिक रूप से स्थानांतरित कर दिया जावेगा। प्रांतअध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने इस विसंगति पूर्ण शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विपरीत चल रही प्रक्रिया को तत्काल रोके जाने संबंधी पत्र माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को सौंपा है साथ ही संगठन की ओर से संकल्प पारित किया गया है कि यदि इस दोषपूर्ण प्रक्रिया से कोई भी शिक्षक प्रभावित अथवा प्रताड़ित होता है तो संगठन वृहद आंदोलन के साथ माननीय न्यायालय में भी अपनी अपील पेश करेगा।

# एसी हॉल में डेढ़ माह तक शतरंज का निःशुल्क प्रशिक्षण 15 से




**कटनी ( ब्यूरो )**

जिला शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से एक नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण का कार्य क्रम 15 मई से 30 जून तक संस्था कार्यालय होटल मंगलम् मेनोर खिरहनी के वातानुकूलित सभागार में किया जा रहा है। सहभागिता करने वाले सभी प्रशिक्षुओं को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सर्टिफिकेट्स भी उपलब्ध कराये जाऐंगे। इच्छुक जन अपने नाम संस्था कार्यालय या संस्था सदस्य वंदना गेलानी को प्रेषित कर निर्धारित फार्म भर दें तभी सर्टिफिकेट्स उपलब्ध हो सकेंगे।

# चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटनी ( ब्यूरो )**



आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के बी.बी.ए द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा गत दिवस घोषित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपाली वरयानी ने प्रथम स्थान, कोमल आसरानी ने द्वितीय स्थान एवं अंशिता टुडहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापन, इंडस्ट्रीयल विजिट, विभिन्न मैनेजमेंट, एक्टीविटीज, वर्कशॉप, सेमीनार, पुस्तकालय, आंतरिक परीक्षा एवं प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर स्पेशल कक्षाएँ लगाने को दिया है। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्र/छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है जिसमें महाविद्यालय सदैव अग्रसर रहता है। उन्होंने महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी, सहायक प्राध्यापक अतुल जैन, सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. आर. आर. एस. परिहार, सहायक प्राध्यापिका ऋचा डेंगरे, सहायक प्राध्यापक रवि यादव, सहायक प्राध्यापक पंकज सेक्सरिया एवं आकांक्षा सिंह तोमर को उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए बधाई दी तथा छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 122 आवेदकों की समस्यायें

**कटनी ( ब्यूरो )**



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 122 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, विंकी उइके एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

***ट्रांसफॉर्मर बदलवायें***– जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत ढुढरी के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए कलेक्टर को बताया कि विगत 60 दिनों से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ है। जिसकी शिकायत विद्युत विभाग के वरिष्ठ अफसरों से की गई परंतु शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। ट्रांसफार्मर बंद होने से ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

***उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण दिलायें***– ग्राम निवार निवासी नरेश सिंह ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण लेकर स्वरोजगार करना चाहता हूँ, परंतु लगातार चक्कर काटने के बाद भी बैंक द्वारा ऋण नहीं दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग विभाग को समय-सीमा में शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक ग्राम खमतरा तहसील बहोरीबंद निवासी अदिति सिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत मैं अपनी किराना दुकान का विस्तार करना चाहती हूँ। लेकिन फॉर्म भरने के 6 माह बाद भी मुझे ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है। इस पर भी महाप्रबंधक उद्योग विभाग को शिकायत का निराकरण के निर्देश दिये गए।

***राशन पर्ची बनवायें***– जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बड़गांव निवासी राजेन्द्र कुमार लोधी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2024 में मैंने राशन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन किया था परंतु मुझे अभी तक राशन पात्रता पर्ची प्रदान नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निश्चित समयावधि में पात्रता अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

***दिलायें अनुग्रह राशि***– ग्राम लुरमी निवासी नवल किशोर चौधरी ने आवेदन देते हुए कहा कि मेरी पत्नी का स्वर्गवास 2023 में बीमारी से हो गया था। मेरी पत्नी के नाम से संबल कार्ड बना हुआ है। मैं गरीबी रेखा में आता हूँ। मुझे संबल योजना के तहत अनुग्रह राशि दिलाई जाय। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा को निश्चित समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए।

## पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस-प्रशासन व्दारा धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों की संयुक्त बैठक की गई आहूत

**कटनी ( ब्यूरो )** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की अध्यक्षता में वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों बैठक आयोजित की गई। जिसमें आंतरिक सुरक्षा एवं आपातकाल के दौरान नागरिक सामाजिक संगठनों द्वारा अपेक्षित सहयोग पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा कहा गया की कोई भी महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति आम नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों की सहयोग के बिना शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो सकती है। चाहे वह देश की बाहरी सुरक्षा हो या आंतरिक सुरक्षा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रोजेक्टर डिस्प्ले के माध्यम से ऑडियो वीडियो क्लिप के माध्यम से ब्लैक आउट होने पर क्या करें एवं क्या ना करें के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान क्या करें एवं क्या ना करें मुख्य विषय वस्तु रही। वर्तमान युद्ध तनाव माहौल में ब्लैकआउट के दौरान करने वाली कार्यवाहियों पर चर्चा हुई। आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने हेतु साइबर सतर्कता संबंधी जानकारी दी गई। राष्ट्रहित एवं राष्ट्र सुरक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया में साझा न करने एवं गोपनीयता बनाए रखने की अपील पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

## अचानक झाड़ियों से निकलकर सड़क पर आए आरटीओ कर्मचारी को बचाने में पलट गया आम लोड ट्रक



**कटनी ( ब्यूरो )** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर झुकेही के समीप ग्राम टिकरवारा के पास मंगलवार सुबह आरटीओ कर्मचारी को बचाने के चक्कर में आम से लोड ट्रक तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक के चालक व क्लीनर को चोट आई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में जबलपुर व कटनी आरटीओ दस्ते के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। जबलपुर का आरटीओ दस्ता कटनी व जबलपुर जिले की सीमा रेखा ग्राम धनगवां के पास तैनात हो रहा है तो कटनी आरटीओ का दस्ता कटनी व मैहर जिले की सीमारेखा झुकेही के पास तैनात रहकर हाइवे के वाहन चालकों से वसूली करने में जुटा हुआ है। केन्द्रीय परिवहन मंत्री की सख्त हिदायद के बावजूद जबलपुर व कटनी आरटीओ दस्ते की मनमानी हाइवे पर रूकने का नाम नहीं ले रही है। आरटीओ दस्ते की लापरवाही के कारण ही आम से लोड अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि ट्रक क्रमांक डी.डी.01जेड-9896 आम लेकर जा रहा था। उसी दौरान हाइवे पर ग्राम टिकरवारा के पास तैनात आरटीओ दस्ते के कर्मचारी झाड़ियों से निकलकर अचानक ट्रक रोकने सड़क पर आ गया। बताया जाता है कि रफ्तार अधिक होने की वजह से ट्रक चालक कर्मचारी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि दुर्घटना में ट्रक के चालक को क्लीनर को गंभीर चोट आई हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। हाइवे के वाहन चालकों ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए हाइवे पर जबलपुर व कटनी आरटीओ की अवैध वसूली पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# नागरिक सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध व आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी रखें: कलेक्टर

**कटनी ( ब्यूरो )**



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को सिविल डिफेंस की आयोजित बैठक में दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा एवं अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि आपदा प्रबंधन के दौरान 12 सेवाओं के लिए कमेटी गठित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। ये सभी कमेटी आपात स्थितियों में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करेंगी। बैठक में कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों जैसे सरपंच एवं नगर निगम वार्ड के पार्षदों की ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। यह ट्रेनिंग बुधवार से शुरू होगी। ट्रेनिंग के दौरान सायरन, मॉक ड्रिल एवं सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने 1500 वॉलंटियर्स का रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें भी ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन वॉलंटियर्स में एनसीसी एवं एक्स सर्विसमैन को भी शामिल किया जाये। साथ ही एंबुलेंस एवं अग्निशमन की भी ट्रेनिंग करवाई जाये कि आपात स्थिति में उन्हें कैसे कार्य करना है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि परिवहन विभाग सभी स्कूलों की सूची मंगाकर बसों की फिटनेस, इंश्योरेंस आदि चेक करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी विभागों को एसओपी तैयार कर जल्द भेजने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी को पुलिस कंट्रोल नंबर, कलेक्ट्रेट कंट्रोल नंबर एवं अग्निशमन नंबर रखने के निर्देश दिए गए।

***बचाव के तरीकों से अवगत कराने के निर्देश***– कलेक्टर ने नागरिक सुरक्षा के तहत सभी आवश्यक प्रबंध तथा नागरिकों को आपात स्थिति में आवश्यक सावधानियां तथा बचाव के तरीकों से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों को तात्कालिक सूचना के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को चिन्हित करने तथा आवश्यकता होने पर उपयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में आयुक्त और नगर पालिका अधिकारियों को रेड तथा ग्रीन अलर्ट सूचना के लिए सायरन की आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया है। कलेक्टर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक राशन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित पंचायत ग्रामीण विकास, ऊर्जा तथा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत की जाने वाली सभी कार्यवाहियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा है।

## संपादकीय

# पटाखों के पूर्ण-प्रतिबंध पर केंद्र मुस्तैद हो

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने को कहा है वरना अवमानना की कार्रवाई होगी। अदालत ने उप्र, राजस्थान और हरियाणा सरकार से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत निर्देश जारी करने को कहा है, जिसमें पटाखों का निर्माण, बिक्री, भंडारण और ऑनलाइन उपलब्धता पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। कोर्ट ने ईपीए की धारा 5 के तहत जारी निर्देशों को राज्यों के सभी कानून प्रवर्तन तंत्रों के माध्यम से सख्ती से लागू करने की बात की। पटाखों को पूर्णतया प्रतिबंधित करने के बावजूद विभिन्न त्योहारों और हर्षोल्लास वाले मौकों पर आतिशबाजी रोकने में सरकार बुरी तरह असफल नजर आ रही है। वायु, जल, कचरा, उद्योग से पहले ही प्रदूषण बहुत है, जिसमें मिल कर पटाखा प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरा बढ़ाने वाला साबित होता है। पटाखा उत्पादन में भारत चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जिसमें सबसे ज्यादा पटाखे (तकरीबन 85त्न) तमिलनाडु के शिवकाशी में बनते हैं। वहां पांच सौ से अधिक इकाइयों में छोटे-बड़े पटाखों का निर्माण होता है। शीर्ष अदालत पहले भी दिल्ली एनसीआर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगाने की बात कह चुकी है। बावजूद पटाखों की बिक्री साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। अंदाजे के अनुसार, गये साल पटाखों की खुदरा बिक्री छह हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। उप्र, बिहार और गुजरात में इनकी जबरदस्त मांग है। पटाखे जलाने और इनसे पर्यावरण को नुकसान को लेकर जनजागरूकता जरूरी है। हालांकि इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों समेत राजनीतिक हस्तियों और बड़े दलों को आगे आना होगा और उनके यहां होने वाले उत्सवों/हर्षोन्माद के दौरान पटाखों को सख्ती से प्रतिबंधित करना होगा। पटाखा उद्योग ने बेशक, लाखों लोगों को रोजगार दिया है, मगर उसे सीमित किए बगैर आतिशबाजी की बिक्री थामना दुष्कर होगा। प्रदूषण के चलते होने वाले घातक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि कुछ कड़े कदम फौरन उठाए जाएं। अदालत की बार-बार घुड़की के बावजूद सरकारों और प्रशासन के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही, बल्कि जब भी पटाखों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है, या कोई शख्सियत आवाज उठाती है, तो जनता उल्टा उस पर कटाक्ष करने और ट्रोलिंग करने पर उतारू हो जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा।

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित होना आपको सफलता देगा।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज खर्चो की अधिकता रहेगी।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा।

**सिंह राशि:** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने का मिलेगा।

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम अच्छा चलेगा।

## अमेरिका-चीन में ट्रेड सीजफायर

अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर रखा था। अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ को लेकर दोनों देशों के बीच ट्रेड मे सीज फायर हो गया है। दोनों देशों के बीच यह समझौता राहत देने का फैसला है। जिसका सारी दुनिया स्वागत कर रही है। इस सीजफायर से दुनिया भर के शेयर बाजारों में सकारात्मक संकेत मिल गया है। निवेशकों में भी उम्मीद की एक किरण जागी है। वैश्विक आर्थिक मंदी के इस दौर में दोनों देशों के बीच जो समझौता हुआ है उससे दुनिया के देशों ने राहत की सांस ली है। अमेरिका की ओर से 145प्रतिशत से टेरिफ़ घटाकर 30फीसदी और चीन की ओर से 125फीसदी से घटाकर 10फीसदी टैरिफ करना इस बात का संकेत है। दोनों पक्ष समाधान की दिशा की ओर बढ़ने के लिए गंभीर हैं। इस समझौते के बाद अमेरिकी किसानों को राहत मिलेगी। चीनी उत्पादों की अमेरिका में पुनः निर्यात संभव हो सकेगा। अमेरिका के आम नागरिकों को भी महंगाई से राहत मिलेगी। यह व्यापार युद्ध केवल दो देशों तक सीमित नही था। दोनों देशों की इस लड़ाई का दुनिया के अधिकांश देशों की आर्थिक गति को प्रभावित कर रहा था। कच्चे तेल से लेकर स्टॉक बाजार तक इसका असर पड़ा था। ऐसे में यह सीजफायर दोनों देशों के साथ-साथ अन्य देशों के लिए भी एक अवसर है। इससे जो बदलाव होगा उससे दोनों देशों के बीच टिकाऊ समाधान का रास्ता भी निकाल सकता है। यह अस्थायी विराम है। दोनों देश यदि रचनात्मक वार्ता के माध्यम से आगे नहीं बढ़ेंगे, तो समस्या फिर से गहरा सकती है। आवश्यक है, अमेरिका और चीन व्यापारिक टकराव की बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। चीन से कच्चा माल और पार्ट्स इत्यादि नहीं मिलने के कारण अमेरिका के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 6 फीसदी से अधिक की गिरावट आ चुकी है। अमेरिका में महंगाई बढ़ती जा रही है। लोगों को जरूरी सामान नहीं मिल रहा है। ट्रंप की लोकप्रियता अमेरिका और यूरोप के देशों में तेजी के साथ घटी है। वहीं दूसरी तरफ चीन में बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है। चीन का उत्पादन टैरिफ वार के चलते काफी कम हो गया है। जिसके कारण चीन की अर्थव्यवस्था मे गिरावट बनी हुई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जो टेरिफ़ वार शुरू किया गया था। इसका असर यूरोप सहित दुनिया के कई देशों में पड़ा है। अमेरिका के रूख में बदलाव आने के बाद यह आशा की जा सकती है, आर्थिक मंदी के इस दौर में चीन और अमेरिका के बीच में टैरिफ को लेकर जो समझौता हुआ है, उसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

-ललित गर्ग




भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी। पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता। सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा।

ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया। पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया।

# पाकिस्तानियों का सरकार और सेना पर से भरोसा टूटा

हरिशंकर व्यास



पाकिस्तान में लोगों का सरकार और सेना पर भरोसा टूटा। उसकी सैन्य कार्रवाईयों के किसी भी दावे पर लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है। सूत्रों ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से पूछा कि उनके पास क्या सबूत है कि उनकी सेना ने भारत के लड़ाकू विमान को मार गिराया है तो उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया देखिए।

पाकिस्तान के एक सांसद ने इसे लेकर अपने रक्षा मंत्री का मजाक उड़ाया। इससे पहले दो मौकों पर 2016 और 2019 में भारतीय सेना की कार्रवाई पर भारत में सवाल उठे थे और सबूत मांगे गए थे। इस बार भारत में पूरा देश एकजुट है, जबकि पाकिस्तान में उसकी सेना की कार्रवाई के सबूत मांगे जा रहे हैं।

पाकिस्तान में कैसे लोगों का मनोबल गिरा हुआ है इसकी एक मिसाल पाकिस्तानी संसद में देखने को मिली, जब भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद संसद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के एक सांसद फूट फूटकर रोने लगे। पाकिस्तानी सांसद ताहिर इकबाल ने रोते हुए संसद में कहा, 'या खुदा आज बचा लो। दुआ करते हैं कि अल्लाह हमारे मुल्क की हिफाजत करे और हमें आपस में जोड़कर रखे'। हालांकि उन्होंने भी धर्म के आधार पर ही देश को बचाने की अपील की और कहा कि अल्लाह ने यह मुल्क अता किया है।

इसके बावजूद लोगों में जोश नहीं लौट रहा है। एक पूर्व पाकिस्तानी सांसद का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें वे कह रहे हैं कि मोदी कोई उनकी खाला का लड़का है, जो उनके कहने पर युद्ध रोका देगा। इसके आगे वे कहते हैं कि युद्ध होगा तो देश छोड़ कर विदेश भाग जाएंगे। जाहिर है पाकिस्तान के लोगों को अपनी सरकार और सेना पर भरोसा नहीं है कि वह उनकी रक्षा कर पाएगी।

बहरहाल, पाकिस्तान के सांसद के रोने के वीडियो वायरल होने के बाद देखने को मिला कि पाकिस्तान के न्यूज चैनल अपने नेताओं और नागरिकों का भरोसा बढ़ा रहे हैं। वे नेताओं से कह रहे हैं कि वे रो कर अपनी कमजोरी नहीं जाहिर करें। लेकिन पाकिस्तान का रोना पीटना बंद नहीं हो रहा है। इस बीच पाकिस्तान के इकोनॉमिक अफेयर डिवीजन के एक्स हैंडल से दुनिया के देशों से कर्ज मांगने की पोस्ट वायरल हो गई।

पाकिस्तान की आर्थिक हालत का हवाला देकर कर्ज मांगा जा रहा था। पोस्ट वायरल होने के बाद पाकिस्तान की ओर से कहा गया है कि उसका हैंडल हैक हो गया है और पोस्ट फर्जी है। लेकिन पाकिस्तान के ही लोग मान रहे हैं कि यह पोस्ट सही हो सकती है क्योंकि देश कंगाली की हालत में है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पास 15 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा, जबकि उसको एक साल में 30 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है।

बहरहाल, छह और सात मई की दरम्यानी रात को भारत की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगाई गई पाबंदी हटा दी है। कोई 15 महीने पहले पाकिस्तान ने एक्स पर पाबंदी लगाई थी। उसका कहना है कि सोशल मीडिया में पाकिस्तान विरोधी नैरेटिव चल रहा है, जिसका उसको जवाब देना है।

उसने पांच सौ अकाउंट बंद भी किए हैं। अब यह पता लगाया जा रहा है कि ये हैंडल संचालित कर रहे लोग पाकिस्तान के ही हैं या बाहर से कहीं से इन्हें संचालित किया जा रहा है। असल में पाकिस्तान का सोशल मीडिया भारत की सैन्य कार्रवाई और बलोच विद्रोही सेना द्वारा पाकिस्तानी फौज पर किए जा रहे हमले से भरा है।

इतना ही नहीं ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान का शासन अपने लोगों को भारत के खिलाफ भड़काने में लगा है। पाकिस्तानी लोगों के मन में भारत विरोधी भावना भरी जा रही है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने भारतीय दवाओं पर निर्भरता को देश के लिए खतरा बताया है। उन्होंने दवा कंपनियों से इस निर्भरता को कम करने के लिए कहा है।

मुस्तफा ने भारत को गैर भरोसमंद दुश्मन बताते हुए कहा कि भारतीय दवाओं को कम से कम इस्तेमाल किया जाए। पाकिस्तान की असली चिंता यह है कि उसे इस्लामिक मुल्कों से भी समर्थन नहीं मिल रहा है। उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई तो ईरान के विदेश मंत्री भारत में थे और उसके बाद सऊदी अरब का प्रतिनिधिमंडल भारत आया।

# पहले तो यमुना को नदी बनाएं

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

इस वर्ष हुआ दिल्ली विधानसभा चुनाव बहुत कुछ यमुना नदी जल के पीने, उसमें डुबकी लगाने और हरियाणा से मिलते प्रदूषित पानी के मुद्दों पर भी केंद्रित था। हो भी क्यों न। दिल्ली अपनी एक तिहाई पेयजल आपूर्ति के लिए यमुना पर निर्भर करती है। प्राथमिक रूप से जल की मात्रा और गुणवत्ता वही होती है, जो हरियाणा से मिलता है। उपभोक्ताओं को कितना पानी दिया जा सकेगा यह भी उसी पर निर्भर करता है। कम पानी आ रहा हो तो वजीराबाद जलाशय का जल स्तर गिर जाएगा। सामान्य दिनों में वजीराबाद से पानी निकलने के बाद यमुना में केवल कीचड़ और मलबा रह जाता है।

हरियाणा में घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट यमुना में मिलता ही है। सालों से भारी मात्रा में अमोनिया प्रदूषण लिए पानी दिल्ली पहुंचता रहा है। कई बार यह दिल्ली के जलशोधन संयंत्रों की क्षमता से सात-आठ गुणा ज्यादा तक होता है। अमोनिया का स्वीकार्य स्तर केवल 05 पीपीएम है। ऐसे में यमुना में अमोनिया का स्तर नीचे गिरने का इंतजार भी करना पड़ता है किंतु दिल्ली के भीतर हरियाणा से पहुंचे यमुना नदी जल में प्रदूषण भार साठ-सत्तर प्रतिशत बढ़ जाता है। यमुना में उठते गैस के गुब्बारों में भी यमुना का प्रदूषण और उसका दम तोड़ना नंगी आंखों दिख जाता है। ऐसा अमोनिया और फास्फेट के कारण सड़े हुए पेड़-पौधों की सड़न के कारण होता है। जैवीय मल-मूत्र का प्रदूषण दिल्ली में यमुना में काफी ज्यादा है। कॉलिफॉर्म बहुत ज्यादा होने से यमुना में घुली ऑक्सीजन का स्तर गिरा रहता है। नदी जल में ऑक्सीजन की कमी से जलचरों की मौत का आंकड़ा भी बढ़ जाता है। यमुनोत्री से दिल्ली तक की यात्रा में जगह-जगह यमुना जल में सीवर जल, गंदे नालों का मिलना आज भी जारी है। रास्ते में मिलते घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट की भरमार से भूरी-पीली-धूसर-काली होती यमुना में दिल्ली में भारी मात्रा में अनुपचारित और आंशिक उपचारित सीवर जल पहुंचता है। अगस्त, 2024 को डीजेबी ने एनजीटी को दिए शपथपत्र में बताया था कि दिल्ली में चालीस एसटीपी हैं, जिनमें से सारे काम नहीं कर रहे हैं। यमुनोत्री से दिल्ली की राह में यमुना के पानी का डायवर्जन पहली बार उत्तराखंड में ही डाकपत्थर में बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। फिर हरियाणा में हथिनीकुंड और ताजेवाला-यमुनानगर में नहरों के लिए होता है। सूखे के मौसम में बैराज से पानी नहीं छोड़ा जाता है जिससे ताजेवाला और दिल्ली के बीच के कुछ-कुछ हिस्सों में नदी लगभग जलशून्य हो जाती है। जल संसाधन मंत्रालय संबंधी संसदीय स्थाई समिति की रिपोर्ट के अनुसार नदी जल में घुले आक्सीजन की मात्रा की अत्यंत कमी के कारण दिल्ली में यमुना अस्तित्वविहीन सी हो चुकी है। सुझाव दिया गया कि यमुना में ताजा पानी और उसके पानी में घुले ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए काम होने चाहिए। वजीराबाद के परिप्रेक्ष्य में संसदीय समिति का मूल्यांकन था कि वजीराबाद के नीचे यमुना में ताजे पानी की इतनी कमी है कि मानकों के अनुसार सारा सीवेज यदि उपचारित भी होने लगे तब भी यमुना प्रदूषित ही रहेगी। दिल्लीवासियों को जल आपूर्ति एक तरह से यमुना को निचोड़ कर ही हो रही है। हर साल यमुना में कई-कई दिनों तक पानी नहीं केवल कीचड़ ही कीचड़ दिखता है। करीब नौ माह तो यमुना में इतना पानी भी नहीं रहता कि वह ठीक से बह सके। एलगी का भी जमाव होता रहता है। एलगी भी नदी की ऑक्सीजन को कम करती हैं खासकर जब वो सड़ती हैं, उनमें विघटन होता है। वे जल में स्वास्थ्य के लिए घातक प्रदूषण भी पैदा कर सकती हैं। बिना पानी, बिना प्रवाह यमुना को दिल्ली में नदी भी कैसे कहा जाए। सुप्रीम कोर्ट भी कुछ साल पहले यमुना को नाला की संज्ञा दे चुका है। आठ नौ माह तो दिल्ली के भीतर यमुना में ताजा पानी बढ़ाने की संभावनाएं नगण्य ही रहती हैं किंतु सालों साल गाद, मलबा से अटी-पटी होने के कारण जल संग्रहित करने की गहराई कम होने से यमुना को बरसात का भी फायदा नहीं मिलता। तेज बरसात में जल्दी से बाढ़ का उभार होने लगता है। अतः यमुना में ज्यादा पानी नहीं रुक पाता। कूड़ा निकासी हो तो दिल्ली में उसके जलसमेट क्षेत्र से मिलने वाले ज्यादा से ज्यादा बरसाती जल संग्रहण में भी मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा का कहना है कि नई सरकार बनने के दस दिनों में ही यमुना से 13 हजार टन गाद की निकासी हो गई थी। गाद हटाने के काम में यमुना स्वच्छता मिशन बहुत पिछड़ा हुआ था। इसलिए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने नई राज्य सरकार के गठन से पहले ही अधिकारियों को निर्देश देकर भारी मशीनों से यमुना गाद सफाई का काम प्रारंभ कर दिया था किंतु पूरी निकासी में महीनों लग सकते हैं। किंतु आशा की जानी चाहिए कि आने वाली बरसात में इसका फायदा मिलने लगेगा।

# पत्रकारिता के प्रथम प्रतीक नारद मुनि

- हर्षवर्धन पाण्डे



हिंदू पौराणिक कथाओं में नारद मुनि को एक ऐसी शख्सियत के रूप में जाना जाता है, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान करने में माहिर थे। वे देवताओं, असुरों, और मनुष्यों के बीच संदेशवाहक की भूमिका निभाते थे। उनकी यह विशेषता उन्हें आदि पत्रकार की उपाधि देती है। नारद न केवल सूचना के वाहक थे, बल्कि वे समाज में जागरूकता फैलाने और सत्य को उजागर करने में भी निपुण थे। नारद को अगर हम विस्तार से समझें तो पता चलता है कि उनका प्रत्येक संवाद जनकल्याण के लिए था।

गीता के दशम अध्याय के 26वें श्लोक में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने इनकी महत्ता को स्वीकार करते हुए कहा है- देवर्षीणाम्चनारद~। अर्थात देवर्षियों में मैं नारद हूं। महाभारत के सभा पर्व के पांचवें अध्याय में नारद जी के व्यक्तित्व का परिचय इस प्रकार दिया गया है- देवर्षि नारद वेद और उपनिषदों के मर्मज्ञ, देवताओं के पूज्य, इतिहास व पुराणों के विशेषज्ञ, पूर्व कल्पों (अतीत) की बातों को जानने वाले, शिक्षा, व्याकरण, आयुर्वेद, ज्योतिष के प्रकाण्ड विद्वान, संगीत-विशारद, प्रभावशाली वक्ता, मेधावी, नीतिज्ञ, कवि, महापंड़ित, बृहस्पति जैसे महा विद्वानों की शंकाओं का समाधान करने वाले और सर्वत्र गति वाले हैं। 18 महापुराणों में एक नारदोक्त पुराण; बृहन्नारदीय पुराण के नाम से प्रख्यात है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, नारद मुनि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र हैं। उनकी उत्पत्ति ब्रह्मा के मन से हुई, जिसके कारण उन्हें मानस पुत्र कहा जाता है। नारद मुनि का जीवन भक्ति, तप, और ज्ञान का अनुपम उदाहरण है।कथाओं के अनुसार, नारद का जन्म एक दासी के पुत्र के रूप में हुआ था। बचपन में ही उनकी माता का देहांत हो गया, जिसके बाद उन्होंने भक्ति और तप में रुचि ली। भगवान विष्णु की कृपा से उन्हें दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ, और वे ब्रह्मा के मानस पुत्र के रूप में प्रतिष्ठित हुए।नारद मुनि ने भक्ति मार्ग को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भगवान विष्णु के परम भक्त थे और नारायण-नारायण का जाप करते हुए तीनों लोकों में विचरण करते थे। उनकी वीणा, जिसे महती कहा जाता है, भक्ति और संगीत का प्रतीक है। नारद मुनि ने नारद भक्ति सूत्र की रचना की, जो भक्ति के सिद्धांतों को समझाने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसके अलावा, उन्होंने नारद पंचरात्र और नारद संहिता जैसे ग्रंथों के माध्यम से धर्म और ज्ञान का प्रसार किया।

नारद मुनि के भक्तिसूत्र भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता का एक अनमोल ग्रंथ है, जो भक्ति के तत्वों को सरल और गहन रूप में प्रस्तुत करता है। यह सूत्र न केवल आध्यात्मिक जीवन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, बल्कि आधुनिक संदर्भों, जैसे पत्रकारिता, में भी प्रासंगिकता रखता है। पत्रकारिता, जो समाज का दर्पण और जनमानस को दिशा देने वाला माध्यम है, नारद के भक्तिसूत्र से प्रेरणा लेकर निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ कर सकती है।नारद भक्तिसूत्र में सत्य को भक्ति का आधार माना गया है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य भी सत्य को उजागर करना है। एक पत्रकार, जो नारद के सिद्धांतों से प्रेरित हो, सनसनीखेज खबरों या पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग से बचेगा और तथ्यों को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करेगा। सूत्र 25 में नारद कहते हैंत्तद्विस्मरणात् संसारदु:खंअर्थात, सत्य को भूलने से संसार में दुख उत्पन्न होता है। पत्रकारिता में असत्य या भ्रामक जानकारी का प्रसार समाज में अराजकता और अविश्वास को जन्म देता है। इसलिए, पत्रकार को सत्य के प्रति अटूट भक्ति रखनी चाहिए।

नारद भक्ति को निष्काम कर्म से जोड़ते हैं, जहां कार्य बिना स्वार्थ के किया जाता है। पत्रकारिता में भी निष्पक्षता और निष्काम भाव आवश्यक है। एक पत्रकार को व्यक्तिगत लाभ, राजनीतिक दबाव या कॉरपोरेट हितों से ऊपर उठकर केवल समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। सूत्र 19 में नारद कहते हैं न तद् भक्तिर्व्यसनं यथाअर्थात, भक्ति कोई व्यसन या लत नहीं है, बल्कि वह पूर्ण समर्पण है। पत्रकारिता को भी सनसनी या लोकप्रियता की लत से मुक्त होकर समाज के प्रति समर्पित होना चाहिए।भक्तिसूत्र में करुणा और प्रेम को भक्ति के अभिन्न अंग बताया गया है। पत्रकारिता में भी मानवीय संवेदनाओं का सम्मान आवश्यक है। उदाहरण के लिए, आपदा या व्यक्तिगत त्रासदी की खबरों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करना पत्रकार का कर्तव्य है। नारद का यह सिद्धांत पत्रकारों को स्मरण दिलाता है कि उनकी कलम से निकला प्रत्येक शब्द समाज पर गहरा प्रभाव डालता है।नारद भक्तिसूत्र में आत्मसंयम और नैतिक आचरण पर बल दिया गया है। पत्रकारिता में भी नैतिकता का पालन अनिवार्य है। चाहे वह स्रोतों की गोपनीयता हो, तथ्यों की सत्यता हो, या किसी की निजता का सम्मान, पत्रकार को नारद के सूत्रों से प्रेरणा लेकर अपने आचरण को शुद्ध रखना चाहिए। सूत्र 66 में नारद कहते हैंसङ्गत्यागात् सत्सङ्गतिअर्थात, कुसंगति का त्याग कर सत्संगति अपनानी चाहिए। पत्रकार को भी भ्रष्टाचार, पक्षपात या अनैतिक प्रथाओं से दूरी बनाकर सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलना चाहिए।

# 12वीं में अदिति, काशवी ने किया टॉप, 10वीं में मोहित का शानदार प्रदर्शन

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित

नगर संवाददाता, गुना।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के बाद अब कैन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) ने मंगलवार को कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। नतीजों में छात्र-छात्राओं का उल्लेखनीय प्रदर्शन सामने आया है। सरकारी विद्यालयों में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, वहीं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अलग-अलग संकाय में मिला-जुला प्रदर्शन किया है। नतीजों में कक्षा12वी में वंदना कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अदिति अग्रवाल ने कामर्स संकाय में 96.9 फीसदी अंक प्राप्त कर किए है। उन्हे कुल 483 अंक हासिल हुए है, वहीं एक और टॉपर में एसएल मेमोरियल स्कूल की काशवी मंगल शामिल है। उन्होने मैथ्स-बायोलॉजी स्ट्रीम में 480 अंक के साथ 96 फीसदी अंक हासिल किए है। कक्षा 12वी के साथ ही 10वी में भी एसएल मेमोरियल के छात्रों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। स्कूल के मोहित दिलबर ने 481 अंक (96.2 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। टॉपर छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के आशीर्वाद और परिजनों को दिया है। साथ ही सफलता का लिए दृढ निश्चय कर मेहनत को आवश्यक बताया है। कक्षा 12 वीं में टॉपर रहीं काशवी मंगल के अनुसार सफलता संकल्प और मेहनत की मोहताज होती है। अगर सही दिशा में पूरी मेहनत के साथ प्रयास किए जाएँ को सफलता अवश्य मिलती है। काशवी के अनुसार उन्होने नियमित पढ़ाई की है। इस दौरान वह लगातार अपने गुरुओं का मार्गदर्शन लेती रहीं।




### शत-प्रतिशत रहा नवोदय का परीक्षा परिणाम

कक्षा 12 वीं एवं 10वी में नवोदय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। अंकों के हिसाब से देंखे तो 12 वीं में बच्चों ने औसतन 73 फीसदी एवं 10वी में 79 फीसदी नंबर पाए है। कक्षा 12 में विज्ञान संकाय में सौम्या धाकड़ 94.60 फीसदी अंकों के साथ टॉप पर रहीं है तो कला संकाय में वैष्णवी मैथिल ने 94.40 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं कक्षा 10वी में वेदांश साहू ने 95.40 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## एसएल मेमोरियल स्कूल का शानदार प्रदर्शन


काशवी मंगल 12 टॉप



तनिष्क रजक


ख्वाईश कौर सूद


अंजली जाटव


सनिया राइन


प्रियांश शर्मा


कर्मण्य रघुवंशी


मोहित दैलबार 10वी टॉप


राधिका अग्रवाल


अभिनव रघुवंशी

बोर्ड परीक्षा के नतीजों में एसएल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। जहां कक्षा 12 में छात्र-छात्राओं ने सफलता के झंडे गाड़े है तो कक्षा 10वी में भी विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। कक्षा 12 में बायो ग्रुप में काशवी मंगल ने 96फीसदी अंक हासिल किए है तो गणित ग्रुप में तनिष्क रजक 90.6 फीसदी तो ख्वाईश कौर सूद ने 90.4 फीसदी अंक प्राप्त किए है, वहीं कला संकाय में 90.2 फीसदी अंकों के साथ अंजनी जाटव प्रथम स्थान पर रही हैं तो सानिया राईन ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए है। वाणिज्य ग्रु में प्रियांश शर्मा ने 82 फीसदी एवं कर्मण्य रघुवंशी ने 81.2 अंक हासिल किए है। इसी प्रकार कक्षा 10 में मोहित दैलबार 96.2 फीसदी, राधिका अग्रवाल ने 95.8 फीसदी एवं अभिनव रघुवंशी ने 92.4 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल में टॉप किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कई क्षेत्रों में आज तीन घंटे गुल रहेगी बिजली

गुना। 33/11 केव्ही एआईआर सब-स्टेशन से निकलने वाली 11 केव्ही कुशमौदा फीडर एवं 11 केव्ही इण्डस्ट्रीयल की सप्लाई सड़क चौड़ीकरण के लिए कल 14 मई को बंद रखी जाएगी। इससे सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे विध्यांचल कालोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक ?ला कालोनी, खेड़ापति कालोनी, एवन कालोनी, गुप्ता कालोनी, महावीरपुरा, कस्तूरबा नगर, पोरवाल कालोनी, मारूति शोरूम के सामने आदि क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी।

### सर्पदंश से हुई 12 वर्षीय बालक की मौत

गुना। जिले के कैन्ट थानातंर्गत एक 12 वर्षीय बालक की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इमझरा निवासी 12 वर्षीय श्याम रजक अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था। इसी दौरान अचानक उसके पैर में सांप ने डस लिया। परिजन हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान श्याम ने दम तोड़ दिया। श्याम कक्षा 6 का छात्र था और अपने माता-पिता की इकलौती संतान था।

### उद्यम क्रांति योजना में बेरोजगारों को मिलेगा ऋण

गुना। प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन, द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। वर्ष 2025-26 में 128 युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनांतर्गत युवाओं को स्वयं का उद्योग (विनिर्माण)/सेवा/ व्यवसाय उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर कोलेटरल फी लोन किए जाने हेतु परियोजना लागत राशि 50 हजार से रुपये 50.00 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है।

### पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

गुना। खेल व युवा कल्याण विभाग ने जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित किए गए है। इसमें 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत प्रतियोगिता में पदक जीतना अनिवार्य है। तभी उम्मीदवार को छात्र वृत्ति प्रदान की जाएगी।

# राजस्व विभाग की मिलीभगत से हड़पी जा रही जमीन, जहर लेकर पहुंचा युवक

## जनसुनवाई में मचा जमकर हंगामा

नगर संवाददाता, गुना।

राजस्व विभाग की मिलीभगत से आए दिन जमीनों के घोटाले सामने आ रहे है। इसके चलते कई बार गंभीर स्थिति देखने को मिल रही है। मंगलवार को भी ऐसी अप्रिय स्थिति तब देखने को मिली जब कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान एक युवक जहर लेकर पहुँच गया। अपनी समस्या सुनाने के दौरान युवक ने धमकी दी कि अगर उसकी समस्या हल नहीं हुई तो वह यहीं जहर पीकर आत्महत्या कर लेगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने हंगामा खड़ा कर दिया और एकदम से जहर पीने की कोशिश की। काफी देर तक इसके चलते कलेक्ट्रेट में हंगामा होता रहा। बाद में पुलिस युवक को पकड़कर अपने साथ ले गई। युवक का आरोप था कि उसकी जमीन का गलत सीमांकन हुआ है।



### कई बार आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

मंगलवार को हमेशा की तरह कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई चल रही ती। इस दौरान आरोन तहसील के ग्राम उरझनयाई निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव यहां पहुँचा। युवक का आरोप था कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा उनकी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सर्वे क्रमांक 85/1, 85/2, 85/3 में उनकी पुश्तैनी भूमि है, जिस पर पहले भी कई बार सीमांकन हो चुका है। बावजूद इसके भूमि को गलत सर्वे क्रमांक में दर्ज करवाकर फर्जी रजिस्ट्री और नामांतरण के जरिए अपने नाम करवा लिया गया है। कृष्णपाल ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने क्षेत्र की कई भूमि जो पहले विक्रय निषेध थी, उन्हें भी अधिकारियों की मिलीभगत से विक्रय योग्य करवा लिया है। युवक का कहना था कि वह कई बार आवेदन दे चुका है, किन्तु उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

### थैले में लेकर गया था जहर की शीशी

युवक अपने साथ एक थैला लेकर गया था। जिमसें जहर की शीशी रखी हुई थी। युवक ने जब जहर खाने की धमकी दी तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी लेने की कोशिश की। जिस पर युवक भड़क गया और एकदम से अपने थैले से शीशी निकालकर जहर पीने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। बाद में तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा एवं अन्य अधिकारियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया, किन्तु युवक ने हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान उसके शर्ट के बटन भी टूट गए। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा रहे।

# ट्रक और कार भिड़ंत में दो गंभीर

नगर संवाददाता, गुना।

जिले के म्याना थानातंर्गत एक ट्रक और कार में भिड़ंत हो गई। हादसा बीती रात हुआ और इसमें दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार शहर की अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी संजय बेलार पुत्र गजानंद बेलर एवं विशाल चौरसिया म्याना में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गए हुए थे। जहां से वह कार से बीती रात वापस लौट रहे थे। इसी दौरान म्याना के पास उनकी भिड़ंत एक ट्रक से हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रुप से घायल हुए है। बताया जाता है कि कार हाईवे पर गलत दिशा में चल रही थी। जो रोड क्रॉस कर अपनी सही दिशा में आने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पुहंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटर सवार चार घायल

गुना। शहर की ऊमरी रोड पर एक स्कूटर को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। स्कूटर पर चार युवक सवार थे। जो हादसे में घायल हुए है। पुलिस के अनुसार गुना निवासी सद्दाम, बंशी, दानिश और राहुल एक स्कूटर पर सवार होकर ऊमरी रोड से निकल रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन ने उनमें टक्कर मार दी। हादसे में चारों युवक घायल हुए है। हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रेन से कटकर मौत

नगर संवाददाता, गुना।

जिले के मावन रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उक्त व्यक्ति चलती ट्रेन से गिर गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार नानाखेड़ी निवासी 45 वर्षीय चेतन कुशवाह मजदूरी करते थे। परिजनों के अनुसार मजदूरी के लिए कोटा-बीना पैसेंजर ट्रेन से बीना जा रहे थे। इसी दौरान मावन स्टेशन के पास वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर पड़े और ट्रेन के नीचे आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद यात्रियों ने ट्रेन रुकवाई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर मामले को जांच में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवेदन 15 मई तक

गुना। प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे 2024 की अंतिम तारीख को बढ़ा दिया गया है। अब यह सर्वे आगामी 15 मई तक होगा। इस सर्वे के तहत स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। पहले यह काम 31 मार्च 2025 तक करने के निर्देश थे। इसके बाद समय सीमा 30 अप्रैल 2025 कर दी गई। अब अंतिम तारीख 15 मई 2025 कर दी गई है।

# पहला सुख निरोगी काया : अग्रवाल



नगर संवाददाता, गुना।

शहर के सुगन चौराहे पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में एक निजी लैब्रोटरी एवं मेडीकल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की शुगर एवं बीपी की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैट के प्रदेश सचिव एवं महासंघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने किया। इस दौरान उनहोने कहा कि पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया। यानि माया तब ही हमारे काम की है जब हमारी काया निरोगी हो। उन्होंने कहा कि आज की आपाधापी भरी जिंदगी में शुगर बीपी के मरीज़ बहुत तेज़ी से बढ़ रहे हैं इसे देखते हुए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक मोहन लाल अग्रवाल, अध्यक्ष प्रघुम्न जैन, संजय वर्मा, गौरव जैन, राकेश जैन, मनीष भार्गव, अनूप अग्रवाल, बंटी जैन, ब्रजराम यादव, सुशील नामदेव उपस्थित रहे।

# शारदा स्कूल के छात्रों ने गाड़े झंडे

नगर संवाददाता, गुना।

बच्चों के बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उनमे संस्कार प्रवाहित कर रहे शारदा स्कूल ने 10वी और 12 वी की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर सफलता के झंडे गाड़े है। दोनों कक्षाओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें कक्षा 10 की छात्रा कु. राधिका रघुवंशी ने 93 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं छात्र युवराज सिंह धाकड़ 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में तृतीय स्थान छात्रा कु. खुशबू जैन ने प्राप्त किया है। उन्होने परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक हासिल किए है। इसी तरह कक्षा 12 में प्रथम स्थान छात्र आदित्य रघुवंशी 87 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर छात्रा मान्या वर्मा 86 प्रतिशत के साथ रही। तृतीय स्थान पर रेणुका जाटव रही। रेणुका ने 83 फीसदी अंक हासिल किए है। छात्र / छात्राओं के इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय के संचालक अमित सोगानी एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश अग्रवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, वहीं छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, परिवार सहित विद्यालय की व्यवस्थाओं को दिया है।


आदित्य रघुवंशी


माया वर्मा


रेणूका जाटव


राधिका रघुवंशी


युवराज सिंह


खुशबू जैन

# वर्षा बनीं कुशवाह समाज की अध्यक्ष



नगर संवाददाता, गुना।

शहर के मठ मोहल्ला स्थित लव-कुश मंदिर पर अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राधा कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कुशवाहा,, बीनागंज जिलाध्यक्ष श्रीमती रेखा कुशवाहा, गुना जिलाध्यक्ष अनिल कुशवाहा आदि मौजूद रहे। इस दौरान आरोन का अध्यक्ष वर्षा कुशवाहा को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष को सांसद प्रतिनिधि छगनलाल तिवारी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा, तुलाराम सिलावट, हीरालाल बुनकर, विशाल सोनी, मनोज शर्मा, लखन जाटव आदि ने उन्हे शुभकामनाएं दीं है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गुना। जिले के चाचौड़ा थानातंर्गत एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उससे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार बीनागंज चौकी क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के गुम होने पर चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 155/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था। बालिका की तलाशी के दौरान उसे बरामद कर लिया गया था। बालिका द्वारा अपने कथनों में बताया कि चौपनकला निवासी भीकम पुत्र मदनलाल अहिरवार उसे अपने साथ ले गया था। साथ ही उसने उसके साथ गलत काम किया। जिस पर मामले में पॉक्सो एक्ट इजाफा की गई। पुलिस के अनुसार इसके बाद आरोपी की तलाश शुरु की गई। जिस मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अटल जिला अध्यक्ष, पचौरी उपाध्यक्ष बने

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ के सचिव बने आलोक अग्निहोत्री

नगर संवाददाता, गुना।

जिले में कार्यरत कर्मचारी लम्बे समय से मप्र राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला के चुनाव की राह देख रहे थे। रजनीश विश्वकर्मा प्रदेश मंत्री, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ को जबलपुर जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया। सर्किट हाउस क्रमांक 2 जबलपुर में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के चुनाव प्रभारी द्वारा चुनाव संपन्न कराये गए। अटल उपाध्याय को जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार पचौरी को जिला सचिव एवं आलोक अग्निहोत्री को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया।

# 10 क्विंटल 50 किलो चावल जब्त

## आटा चक्की पर बिक रहा था चावल

नगर संवाददाता, गुना।



सार्वजनिक वितरण प्रणाली का 10 क्विंटल 50 किलो चावल जब्त किया गया है। यह चावल एक आटा चक्की पर बिक रहा था। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि कैंट स्थित राठौर आटा चक्की कैंट पर राशन दुकान का चावल होने की सूचना मिली है। जिस पर खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में 21 प्लास्टिक की बोरियों में 10 क्विंटल 50 किलो चावल मिला। उक्त चावल को लेकर जब सौरभ राठौर पुत्र राजाराम राठौर से जानकारी चाही गई तो वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए। चावल के बिल भी उन्होने टीम को नहीं दिए। इस दौरान चावल प्रथम दृष्टया सार्वजनिक वितरण प्रणाली का होने के कारण जब्त किया गया। इसके बाद इस मामले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली 2015 के तहत दर्ज किया गया। यह प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियत 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। इस दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत शामिल रहे। गौरतलब है कि राशन दुकान के चावल की कालाबाजारी जिले भर में धड़ल्ले से चल रही है।

## शोभायात्रा निकालकर राधे-कृष्ण की प्राण- प्रतिष्ठा



बीनागंज। रमड़ी स्थित मंदिर में राधे- कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई। इस प हले एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि उक्त मंदिर करीब 400 सालों पुराना है। इसके साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम महा यज्ञ एव श्री मद भागवत का समापन हुआ ।पंडित श्री नितिन भार्गव ने सुंदर कथा सुनाई ।

सिटी स्पोर्ट्स

## छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन 10-11 मई को किया गया। दोनों दिन लगभग 70 मैच खेले गए। अंतिम दिन परिणाम इस प्रकार है।

**मिक्स डबल्स फाइनल:** प्रेम प्रकाश ध्रुव एवं दिनेशवरी तांडी ने आरिश आगा चौबे और हैमिका जिंदल को 15-13 के रोमांचक मैच में हराकर विजेता बने।

**वुमेंस डबल्स फाइनल :** रीना अग्रवाल एवं दिनेशवरी की जोड़ी ने शिल्पी मटरेजा एवं अलका यादव को संघर्षपूर्ण मेंच में 15-13 से हराकर ख़िताब जीते।

**मेंस डबल्स फइनल :** संघर्ष पूर्ण मुकाबले में मोनेश यादव एवं अभिजर बादशाह की जोडी ने मायकल मसीह एवं वरुण जैन को कड़े संघर्ष में 15-14 से हराकर विजेता का ख़िताब जीता। सभी विजेताओं को 3000/-एवं उपविजेता को 2000/- केश प्राइज़ दिया गया। इस अवसर पर टीम विजिआर के ओनर विजय नतथानी ने उपविजेता टीम को 20000/- प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये।

समारोह में अतिथि के रूप में टर्फ 71 के संचालक सुजल अग्रवाल, वीजीआर टीम से विजय नथथानी, टीम आरसीपी के राकेश पांडे, टेनिस के उपाध्यक्ष सुशील बालानीसहित वरिष्ठ खिलाड़ी राधेश्याम तांडी ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

## जिला शतरंज में उभरते हुए खिलाड़ी बने चैंपियन



**रायपुर।** राजधानी में रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में जिला शतरंज संघ व चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला चयन स्पर्धा में अंडर 7 बालक वर्ग का खिताब युवान कश्यप ने अपने नाम किया। इस नन्हे बालक ने बिना कोई मैच गवाए पूरे 6 अंक अर्जित किये। फाइनल में इन्होंने अक्ष बंसल को पराजित किया ,वही बालिका वर्ग में संस्कृति नथानी विजेता बनी।

अंडर 11 वर्ग के बालक वर्ग के विजेता प्रांजल अहिरवार 5 अंकों के साथ बने। उन्होंने फाइनल मैच में राजवीर अजवानी को पराजित किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में सावी गौरी 4अंकों के साथ चैंपियन बनी। फाइनल मैच में अनिका गुप्ता के खिलाफ हार के बाद भी बेहतर टाईब्रेक के कारण विजेता रही।


अंडर 15 में बालक वर्ग के विजेता का खिताब विवान रॉय ने हासिल किया तथा बालिका वर्ग में तनीषा ड्रोलिया अविजित रहते हुए विजेता रही। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग में 6 चक्र व बालिका वर्ग में 5 चक्रों में स्विस लीग पद्धति से संपन्न हुई,वही अंडर 7 बालिका वर्ग में राउंड रॉबिन पद्धति का उपयोग किया गया। विजेताओं में बालक वर्ग अंडर --7 में प्रथम–युवान कश्यप (6 अंक),द्वितीय–रिदान गुप्ता (5अंक), तृतीय– अक्ष बंसल (4 अंक), चतुर्थ–ए सुहास कुमार( 4अंक), बालिका वर्ग अंडर-7 में प्रथम–संस्कृति नथानी (4 अंक), द्वितीय–वल्लरी टावरी (3अंक), तृतीय–प्रिशा सैनी (2अंक), चतुर्थ–आन्या खाटूजा (1अंक), बालक वर्ग अंडर-11 में प्रथम–प्रांजल अहिरवार (5 अंक), द्वितीय-भव्यम झवर (5 अंक), तृतीय-राजवीर अजवानी (4.5 अंक), चतुर्थ- प्रीतेश खटूजा (4.5अंक), बालिका अंडर-11, प्रथम- सावी गौरी (4 अंक), द्वितीय –अनिका गुप्ता (4अंक), तृतीय- रावी शेयके (3.5 अंक), चतुर्थ- धानवी मिश्रा (3.5अंक), बालक अंडर 15 में प्रथम- विवान रॉय (5.5अंक), द्वितीय- अद्वैत पांडे (4.5 अंक), तृतीय- दीपांशु वर्मा (4.5 अंक), चतुर्थ-अभिनव वर्मा (4.5 अंक), बालिका अंडर 15 में प्रथम–तनीषा ड्रोलिया (5 अंक), द्वितीय-प्रतिष्ठा अहिरवार (4अंक), तृतीय- आराध्या तिवारी (3अंक), चतुर्थ- अदिति आदित्य (3 अंक), यंगेस्ट प्लेयर आर्यव लोहिया, अर्थेश लोहिया,बालिका वर्ग में आन्वी अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भी स्पेशल प्राइज के रूप में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला सचिव नवीन शुक्ला ने बताया कि स्पर्धा में कुल 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, उनमें से 14 को अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त थी। इस स्पर्धा के अंडर 7 व 11 आयु समूह के बालक बालिका वर्ग के प्रथम दो स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी बेमेतरा में आगामी 15 मई से आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में तथा अंडर 15 में चयनित 4/4 खिलाड़ी जो कि दुर्ग जिले में 17 जुलाई से आयोजित प्रतियोगिता में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में सौरभ अग्रवाल, आशुतोष शर्मा (अध्यक्ष ,रायपुर जिला शतरंज संघ) और निवेदिता बनर्जी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताए जरूरी उपाय


# लिवर में फैट बनने से रोकें, अपने खानपान की आदतों में करें बदलाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक जंक फूड, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड खाने की आदत, शारीरिक रूप से निष्क्रियता, नींद की कमी और अत्यधिक तनाव की समस्या लिवर में फैट बढ़ने की दिक्कत बढ़ाने वाली हो सकती है। लिवर में फैट जमने की समस्या सभी उम्र के लोगों में देखी जा रही है, कम उम्र वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आज के समय की ये आम लेकिन गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन गई है। अगर समय रहते इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर इसे नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण लिवर सिरोसिस, फाइब्रोसिस यहां तक कि लिवर कैंसर का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिस तरह से लाइफस्टाइल-खान पान की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं उसने लिवर में फैट बढ़ने की समस्या को भी बढ़ा दिया है। फैटी लिवर वह स्थिति है जब लिवर की कोशिकाओं में वसा की मात्रा सामान्य से अधिक मात्रा में जमा होने लग जाती है। सामान्यतः लिवर में 5% से कम वसा होनी चाहिए, लेकिन यदि यह मात्रा 5-10% से अधिक हो जाए तो इससे फैटी लिवर रोग का खतरा हो सकता है।



### देश में हर तीसरे व्यक्ति को हो सकती है ये बीमारी



आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज की समस्या हो सकती है। मधुमेह और अन्य मेटाबॉलिक विकारों के कारण होने वाली इस बीमारी का खतरा उन लोगों में भी तेजी से बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है, जो लोग शराब भी नहीं पीते हैं। इस तरह की स्थिति को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक जंक फूड, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड खाने की आदत, शारीरिक रूप से निष्क्रियता, नींद की कमी और अत्यधिक तनाव की समस्या लिवर में फैट बढ़ने की दिक्कत बढ़ाने वाली हो सकती है।

### क्या कहता है स्वास्थ्य मंत्रालय?

लिवर में फैट की समस्या क्यों बढ़ती जा रही है, इसके लिए कौन से कारण जिम्मेदार हो सकते हैं इसको लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ गड़बड़ आदतों के बारे में बताया है जिसमें सुधार करके लिवर की इस समस्या से बचाव किया जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए दिनचर्या को ठीक रखने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लिवर में फैट बनने के लिए नींद पूरी न होना,धूम्रपान की आदत,नियमित व्यायाम न करना या वजन अधिक होना और एनर्जी ड्रिंक्स या मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन को जिम्मेदार मानते हैं।

### फैटी लिवर की समस्या से कैसे बचें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप लिवर की इस समस्या से बचे रह सकते हैं। अगर आपका वजन अधिक है, इसमें 7-10 प्रतिशत कमी करके भी लिवर की समस्याओं से बचाव किया जा सकता है।संतुलित आहार जिसमें हाई-फाइबर, लो कार्ब्स और लो फैट वाली चीजें हों इनकी मदद से भी लिवर में फैट की समस्या को कम किया जा सकता है।हफ्ते में कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि के माध्यम से भी फैटी लिवर से बचाव किया जा सकता है।शराब का सेवन कम करने से भी लिवर की समस्याओं से बचा जा सकता है।

# बच्चों को बिस्तर और स्क्रीन से दूर रखने उन्हें व्यस्त रखें



अगर आपके बच्चे का समर वेकेशन शुरू हो गया है और आपको चिंता सता रही है कि गर्मियों की छुट्टियों में आपके बच्चे का स्क्रीन टाइम कहीं बढ़ तो नहीं जाएगा। ऐसे में हम आपको बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने और बिस्तर छोड़ने के लिए कुछ बेहतरीन एक्टिविटीज बताने जा रहे हैं।

बच्चों को सालभर गर्मियों की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार बना रहता है। समर वेकेशन बच्चों को थोड़ा पढ़ाई से ब्रेक देने का मौका होता है और उन्हें कुछ नया सीखने के लिए उत्साहित करता है। बच्चों के साथ-साथ पैरेंट्स के लिए भी समर वेकेशन हॉलीडे फैमिली टाइम स्पेंड करने का बेहतरीन समय होता है। बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में जल्दी उठने और होमवर्क करने की टेंशन नहीं होती है। वहीं, आजकल पैरेंट्स की सबसे बड़ी चिंता यह है कि छुट्टियों के दौरान बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल, टीवी या टैबलेट में बीतता है।

साल 2013 में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, 8 से 12 साल के बच्चे हर दिन करीब 4 से 6 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं। वहीं, टीनएजर्स का स्क्रीन टाइम भी काफी ज्यादा है। ज्यादा स्क्रीन टाइम आजकल बच्चों की नींद, मेंटल हेल्थ और फिजिकल हेल्थ पर बुरा असर भी डाल रहा है। माता-पिता समर वेकेशन हॉलीडे में बच्चों को बिस्तर पर पड़े रहने और स्क्रीन से दूर रखने के लिए क्रिएटिव एक्टिविटीज को बच्चों के साथ ट्राय कर सकते हैं।

### घर की बालकनी या छत पर गार्डनिंग करें

जब आप गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को गार्डनिंग करना सिखाते हैं, तो उन्हें आप प्रकृति से जोड़ने का काम करते हैं। इससे उन्हें नेचर के प्रति अपनी जिम्मेदारी, पौधारोपण करने के फायदों का पता चलता है। अगर आपके पास छोटी-सी बालकनी , छत या खिड़की है, तो आप वहां पर कुछ गमले लगा सकते हैं। आप बच्चों को खुद से पौधे चुनने का मौका दें और उन्हें हर पौधे के बारे में बताएं। बच्चों को गाइड करते हुए आप उन्हें गमले में मिट्टी, बीज और खाद डालकर लगाने के कहें। फिर रोज पौधों को पानी देने और उन्हें बढ़ता हुआ देखने को कहें। बच्चे जब अपने लगाए पौधों को बड़ा होते देखेंगे, तो उन्हें काफी एक्साइटिंग होगी।

### घर पर ही बनाएं क्राफ्ट डे



समर वेकेशन में बच्चों के साथ मिलकर आप उन्हें कुछ नया क्राफ्ट करना सिखा सकती हैं। आप बच्चों को कागज, कलर्स और ग्लू देकर अपने अनुसार कुछ नया बनाने को कह सकती हैं। यह बच्चों को बिजी रखने का बढ़िया तरीका है। इससे बच्चों की क्रिएटिविटी बाहर आती है और उनका दिमाग कुछ नया सोचता है।

आप चाहें तो घर के पुराने सामान को देकर भी बच्चों से कुछ नया बनाने को कह सकती हैं। आप उन्हें पुराने खाली डिब्बे, बोतलें, अखबार, आइसक्रीम स्टिक और मैगजीन के पन्ने देकर ग्रीटिंग कार्ड, पेपर फ्लावर या वॉल डेकोरेशन आइटम्स बनाने को बोल सकती हैं। फिर, आप बच्चों को इन क्राफ्ट आइटम्स को अपने फैमिली और फ्रेंड्स को देने को बोल सकती हैं।

### हर हफ्ते एक नो-स्क्रीन गेम डे मनाएं

आजकल बच्चे टीवी, मोबाइल और टैबलेट पर ज्यादा टाइम बिताते हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों और दिमाग पर ज्यादा असर पड़ता है। समर वेकेशन हॉलीडे के दौरान, आप अपने बच्चों को स्क्रीन से बचाने के लिए इनडोर या आउटडोर गेम का लालच दे सकती हैं।



# गर्मियों में तरबूज की मदद से बनाएं कूल-कूल ड्रिंक्स

गर्मी के मौसम में आप अगर कुछ टेस्टी पीने का मन बना रहे हैं तो ऐसे में तरबूज की मदद से कुछ डिलिशियस ड्रिंक्स बना सकती हैं।



### वाटरमेलन लेमन वॉटर

अगर आप चाहें तो तरबूज और नींबू के कॉम्बिनेशन से गर्मी के मौसम में एक बेहतरीन ड्रिंक बनाकर पी सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले तरबूज को ब्लेंड करके छान लो। अब एक जग में नींबू का रस, थोड़ा पानी और थोड़ा शक्कर मिलाओ। अब उसमें तरबूज का जूस डालो। इसे अच्छी तरह मिक्स करें और बर्फ डालें। चूंकि इसका स्वाद थोड़ा खट्टा-मीठा होता है, इसलिए बच्चों को भी यह बहुत पसंद आता है।

### वाटरमेलन आइस्ड टी

गर्मी के मौसम में अगर आपकी चाय पीने की इच्छा होती है तो आप उसे इस बेहद ही रिफ्रेशिंग टी से स्विच करें। इसके लिए सबसे पहले ब्लैक या ग्रीन टी बनाकर उसे ठंडा करें। अब तरबूज को ब्लेंड करके छान लो। अब चाय व तरबूज के रस को बराबर मात्रा में मिक्स कर लें। अंत में, इसमें थोड़ा नींबू का रस और शहद डालकर मिक्स करें। आखिरी में, आप इसमें बर्फ डालकर और भी ज्यादा ठंडा कर सकते हैं।

### तरबूज मसाला ड्रिंक

अगर आप एक देसी लेकिन टेस्टी ड्रिंक का लुत्फ उठाना चाहती हैं तो इस रेसिपी को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले तरबूज को मिक्सी में ब्लेंड करो। अब उसमें काला नमक, भुना जीरा पाउडर, चाट मसाला और नींबू का रस डाल दो। इसे अच्छे से मिक्स करो। आखिरी में इसमें बर्फ डालो और चुस्की लो।

### तरबूज नारियल ड्रिंक

यह एक ऐसी ड्रिंक है, जो आपको ट्रॉपिकल फील देती है। साथ ही साथ, हाइड्रेशन गोल्स को भी पूरा करने में मदद करती है। इस ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज को ब्लेंड करो। अब उसमें नारियल पानी मिक्स कर दो। अब इसमें थोड़ा पुदीना डालें। इससे यह ड्रिंक और भी ज्यादा रिफ्रेशिंग फील होती है। अब इसे ठंडा कर लें। आप इसे वर्कआउट के बाद या फिर दिन में किसी भी समय पी सकते हैं।

# गुड़हल फूल के उपाय से दूर हो सकती हैं आर्थिक तंगी

अगर आप आर्थिक रूप से परेशान हैं, तो सोमवार के दिन गुड़हल फूल के उपायों को आजमाकर आप भगवान शिव और मां लक्ष्मी की कृपा पा सकती हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, आइए इन उपायों के बारे में हम आपको विस्तार से बताते हैं।

### मां लक्ष्मी को अर्पित करें गुड़हल का फूल



सोमवार के दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र के सामने लाल गुड़हल का फूल अर्पित करें। यह उपाय धन की देवी को प्रसन्न करने और आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सहायक माना जाता है।

### मनोकामना पूर्ति के लिए

अपनी कोई विशेष आर्थिक मनोकामना मन में रखते हुए सोमवार के दिन भगवान शिव और मां लक्ष्मी दोनों को गुड़हल का फूल चढ़ाएं। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय से आपकी इच्छा जल्द ही पूरी हो सकती है।

### नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए

घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और सकारात्मकता लाने के लिए सोमवार के दिन गुड़हल का फूल घर के मुख्य द्वार पर या पूजा स्थान पर रखें।

### सूर्य देव को जल अर्पित करते समय

कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि यदि आप सोमवार के दिन सूर्य देव को जल अर्पित करते हैं, तो उसमें एक गुड़हल का फूल डालकर अर्पित करना आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकता है।

### शिवलिंग पर गुड़हल का फूल चढ़ाएं

सोमवार के दिन स्नान आदि के बाद भगवान शिव की पूजा करें और उन्हें गुड़हल का फूल अर्पित करें। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव को गुड़हल का फूल चढ़ाने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

किसी भी उपाय को पूरे विश्वास और श्रद्धा के साथ करें। फूल ताजा और साफ होना चाहिए। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, अगर आप आर्थिक रूप से परेशान हैं, तो इन सरल उपायों को आजमाने में आपकी समस्याओं का हल हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## लाखों महिलाएं हैं पोस्टपार्टम डिप्रेशन की शिकार,आपको भी तो नहीं होती हैं ये दिक्कतें

# प्रसव के बाद बहुत सी महिलाएं हो जाती हैं अवसाद की शिकार, उबरने के लिए जरूरी है आप में इच्छाशक्ति

दुनियाभर में, प्रसवोत्तर अवसाद (पीपीडी) लगभग 10-20% माताओं को प्रभावित करता है। विकासशील देशों में यह अधिक है, कुछ अध्ययनों में इन क्षेत्रों में 20% तक की दर बताई गई है। ये प्रसव के बाद शुरू होती है और महिला को उदासी, थकावट, चिंता, और नकारात्मक विचारों से प्रभावित करती है।

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं जैसे स्ट्रेस-एंग्जाइटी के मामले दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़े हैं। इन स्थितियों पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण डिप्रेशन का खतरा हो सकता है, जिसे गंभीर समस्या माना जाता है। क्या आप जानते हैं एक प्रकार का डिप्रेशन सिर्फ महिलाओं को होता है? इसे पोस्टपार्टम डिप्रेशन के नाम से जाना जाता है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में लाखों महिलाएं इस समस्या का शिकार हैं, भारतीय महिलाओं में भी इसका खतरा देखा जाता रहा है जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।

प्रसवोत्तर अवसाद या पोस्टपार्टम डिप्रेशन (पीपीडी) एक प्रकार का मनोदशा विकार है जो प्रसव के बाद महिलाओं को प्रभावित कर सकता है। इसमें महिलाओं को तीव्र उदासी, चिंता और डिप्रेशन के



अन्य लक्षणों का अनुभव हो सकता है। कई बार ये स्थिति इतना खतरनाक हो सकती है कि मां के लिए अपने बच्चे की देखभाल करना भी कठिन हो जाता है।

दुनियाभर में देखे जा रहे हैं इसके मामले

दुनियाभर में, प्रसवोत्तर अवसाद (पीपीडी) लगभग 10-20% माताओं को प्रभावित करता है। विकासशील देशों में यह अधिक है, कुछ अध्ययनों में इन क्षेत्रों में 20% तक की दर बताई गई है।

भारतीय आबादी के लिए बई ये गंभीर चिंता का कारण रही है। यहां सबसे बड़ी चिंता ये है कि लोग इस समस्या का पहचान नहीं पाते और अक्सर इसका निदान भी नहीं हो पाता है। समय पर इसका इलाज न हो पाने के कारण जटिलताओं के बढ़ने का खतरा रहता है।

भारत में आर्थिक कठिनाइयां, घरेलू हिंसा, मानसिक बीमारी का इतिहास, वैवाहिक कलह और परिवार से समर्थन की कमी जैसी स्थितियों के चलते पीपीडी के मामले अधिक देखे जाते रहे हैं।

### पोस्टपार्टम डिप्रेशन और इसके क्या कारण हैं?

पोस्टपार्टम डिप्रेशन एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो प्रसव के बाद शुरू होती है और महिला को उदासी, थकावट, चिंता, और नकारात्मक विचारों से प्रभावित करती है। यह जन्म के बाद पहले कुछ हफ्तों या महीनों में कभी भी शुरू हो सकता है। कई नई माताओं को प्रसव के बाद ₹बेबी ब्लूज़₹ का अनुभव होता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह के अवसाद का कोई एक कारण नहीं है। आनुवंशिकी, शारीरिक परिवर्तन और भावनात्मक स्थितियां इसके लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में इसका पारिवारिक इतिहास रहा हो उनमें खतरा अधिक रहता है।

इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद, आपके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन में परिवर्तन के कारण आपको ये समस्या हो सकती है।



# 'दुकान पर नहीं मिलता अनुभव'

## गिल को कप्तान बनाए जाने के सवाल पर अश्विन ने दिया जवाब








**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत के दिग्गज ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने को भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों के जाने से टेस्ट टीम में नेतृत्व का एक बड़ा खालीपन आ गया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब शो 'Ash Ki Baat' में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की और जसप्रीत बुमराह को कप्तानी के लिए एक योग्य उम्मीदवार बताया।

अश्विन ने कहा कि मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि रोहित और कोहली दोनों एक साथ संन्यास ले लेंगे। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है। अब यह वास्तव में गौतम गंभीर के युग की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी जाने वाली भारतीय टीम पूरी तरह से नई होगी, जिसमें बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी हो सकते हैं।

**फिटनेस का मुद्दा अहम-** अश्विन ने बुमराह को कप्तानी के लिए एक मजबूत दावेदार बताया, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति और चोटों के इतिहास को एक महत्वपूर्ण कारक माना। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ टेस्ट में कप्तानी की थी और सिडनी में रोहित की अनुपस्थिति में भी टीम का नेतृत्व किया था। हालांकि, सिडनी टेस्ट के दौरान उनकी पीठ में तकलीफ हुई थी, जिसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 की शुरुआत में हिस्सा नहीं लिया। अश्विन ने कहा, बुमराह निश्चित रूप से कप्तानी के हकदार हैं लेकिन चयनकर्ता उनकी शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखकर फैसला लेंगे।

### बड़ा सवाल : कौन होगा अगला कप्तान?

हालांकि बुमराह उप-कप्तान रह चुके हैं, लेकिन शुभमन गिल को रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अश्विन ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट है कि चयनकर्ताओं के सामने एक कठिन फैसला है। बुमराह की चोटों को देखते हुए गिल को प्राथमिकता दी जा सकती है।

# बुमराह को सौंपी जाए टेस्ट टीम की कमान-गावस्कर



**एजेंसी ■ मुंबई**

भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता रोहित शर्मा के उत्तराधिकारी पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, ऐसे में दिग्गज बल्लेबाज और जाने-माने कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी सौंपने की सलाह दी है। रोहित से टीम की कमान संभालने के लिए केएल राहुल और शुभमन गिल के साथ बुमराह सबसे आगे चल रहे हैं, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ के रूप में उनकी फिटनेस और कार्यभार को बड़ी चिंता के रूप में उद्धृत किया गया है, जिसके कारण अतीत में कई मौकों पर उन्हें श्रृंखला के बीच में ही चोट लग गई है। उन्होंने कुछ महीने पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी, लेकिन पीठ के निचले हिस्से में समस्या के कारण उन्हें सिडनी में पांचवें टेस्ट से हटना पड़ा था। उन्होंने लंबे समय तक उपचार और पुनर्वास किया और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पहले कुछ राउंड के मैचों के बाद ही मैदान पर लौटे। बुमराह के बार-बार चोटिल होने का एक कारण यह धारणा है कि उन्हें कप्तानों द्वारा नियमित रूप से अधिक गेंदबाजी कराई जाती है, क्योंकि बुमराह तीनों प्रारूपों में खेलते हैं। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान गावस्कर को लगता है कि अगर बुमराह खुद टीम के कप्तान होते हैं तो गेंदबाजी कार्यभार को लेकर चिंता दूर हो सकती है।

# चमारी अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना



**एजेंसी ■ कोलंबो**

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025

# धलाना ने कर्नाटक की लरीशा को हराकर जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी ■ गया/पटना**



केरल की मिट्टी में जन्मी 16 वर्षीय धलाना के.एस. की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं बल्कि अटूट विश्वास और कभी हार न मानने वाले हौसले की मिसाल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के मंच पर कलारीपयट्टू की इस योद्धा ने पिछले तीन सालों में दो स्वर्णिम और एक कांस्य पदक जीतकर सिर्फ अपने राज्य का नाम रोशन किया।

धलाना ने बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में लड़कियों के चुवा डुकल वर्ग के फाइनल में अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। कर्नाटक की लरीशा शर्मा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने खेलो इंडिया करियर का दूसरा सुनहरा अध्याय भी लिख दिया। यह धलाना का तीसरा खेलो इंडिया गेम्स है। मध्य प्रदेश में उन्होंने पहली बार स्वर्ण जीता था, जो उनके भीतर छुपी प्रतिभा का पहला प्रमाण था। इसके बाद पिछले साल तमिलनाडु में उन्हें कांस्य मिला, जो यह दिखाता है कि जीत का सफर हमेशा सीधा नहीं होता लेकिन महत्वपूर्ण है उस राह पर चलते रहना।

## गोल्डन गर्ल परीना ने जीते पांच मेडल



खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में परीना राहुल ने रिदमिक जिम्नास्टिक में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 3 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीते, जिससे वे गोल्डन गर्ल के रूप में उभरीं। परीना राहुल एक युवा प्रतिभाशाली जिम्नास्ट हैं जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से खेलो इंडिया यूथ गेम्स में यह उपलब्धि हासिल की है। परीना राहुल की सफलता ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उनकी प्रतिभा को उजागर किया है। उन्होंने युवा एथलीटों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत स्थापित किया है और उन्हें खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# विराट ने संन्यास के बाद प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने 12 मई, 2025 को टेस्ट मैच से संन्यास ऐलान कर दिया। उन्होंने 14 साल में 123 टेस्ट मैच खेले। क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी फैंस को दी। इसके बाद ही विराट और अनुष्का साथ में एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए, जिसके बाद कयास लगाए गए कि कपल विदेश के लिए रवाना हो गया है। इन सब चर्चाओं के बीच अभिनेत्री का एक वीडियो विराट के साथ वायरल हो रहा है, जिसमें अनुष्का की आंखों में आंसू देखा जा सकता है।

दरअसल, विराट कोहली के रिटायरमेंट का ऐलान के बाद अनुष्का शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें वो विराट के साथ प्रेमानंद महाराज के आश्रम में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद माना जा रहा है कि रिटायरमेंट के बाद दोनों प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए पहुंचे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस प्रेमानंद महाराज की बातों को सुनकर रोने लगती हैं। उनकी आंखों से आंसू बहते दिखते हैं। वो इसे रोक नहीं पाती हैं। अनुष्का का ये बेहद ही भावुक कर देने वाला वीडियो है।

## फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल

# भारतीय खिलाड़ियों ने जीते 19 पदक

**एजेंसी ■ दुबई**



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने यहां छठे फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, चार रजत और 14 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। शिवराजन सोलाईमलाई और सुदर्शन सरवनकु मार मुथुसामी की जोड़ी ने चैंपियनशिप में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। इस जोड़ी को रविवार को पुरुष युगल एसएच6 फाइनल में अपने शीर्ष वरीय प्रतिद्वंद्वियों हांगकांग के चू मान काई और वोंग चुन यिम से वॉकओवर मिला।

अनुभवी उमेश विक्रम कुमार ने अपने स्टैंडिंग लोअर एसएल3 एकल और पुरुष युगल फाइनल में से दो में रजत पदक जीता, जबकि हार्दिक मक्कड़ और रूथिक रघुपति की जोड़ी पुरुष युगल स्टैंडिंग अपर एसयू5 फाइनल में शीर्ष वरीय मलेशियाई चीह लाइक होउ और मुहम्मद फरीज अनवार से हार गई।

## ऑस्ट्रेलिया ने की डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम की घोषणा

# पैट कमिंस की अगुआई में टीम द. अफ्रीका से करेगी मुकाबला

**एजेंसी ■ मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई है। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्युटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## द. अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए घोषित की टीम

# टेम्बा बवुमा को सौंपी टीम की कमान

**एजेंसी ■ केपटाउन**



दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्र्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई।

**दक्षिण अफ्रीका टीम**-तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनूरन मुथुसामी और डेन पैटरसन।

# सोशल मीडिया की दोस्ती युवती को पड़ी भारी

■ दोस्त ने शादी तुड़वाई तो युवती ने दर्ज कराया मामला

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

ऐशबाग इलाके में रहने वाली एक युवती को सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर दोस्त बने युवक ने उसकी शादी तुड़वा दी और खुद से शादी करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। परेशान युवती ने उसके खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मूलतः रीवा निवासी युवती यहां ऐशबाग इलाके में किराए के मकान में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रही है। उसकी फेसबुक के जरिए आरोपी सूरज पांडे से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों दोस्त बन गए बाद में दोनों ने एक दूसरे को अपने मोबाइल नंबर भी दे दिए। इसके बाद उनकी दोस्ती गहरी होती चली गई। आरोपी उससे शादी करने की जिद करने लगा जिस पर युवती ने उसे समझाया भी , लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। इस दौरान उसने धमकी भी दी कि अगर वह किसी दूसरे से शादी करेगी तो वह रिश्ता भी तुडवा देगा। युवती के न मानने पर आरोपी उसे धमकाने के लिए उसके किराए के कमरे पर भी पहुंच गया था। इस दौरान उसके साथ आरोपी ने अभद्रता की थी।

इसी बीच आरोपी सूरज पांडे को उसकी शादी की बात पता चल गई। पीड़िता की 18 मई को बारात भी आना थी। उसने पीड़िता के मंगेतर की जानकारी जुटाई और उसके बारे में गलत जानकारियां दे दी। जिसकी वजह से मंगेतर ने शादी करने से इंकार कर दिया। इन बातों से तंग आकर पीड़िता ने मंगलवार शाम थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत कर दी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**भोपाल।** हबीबगंज इलाके में रहने वाली एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा उसके गर्भवती होने पर हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले 15 वर्षीय नाबालिग के पेट में तेज दर्द हुआ था, माता पिता उसे अस्पताल ले गए। वहां पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद पूछताछ में उसने बताया कि उसके ही 19 वर्षीय बड़े भाई ने करीब छह माह पूर्व पहली बार दुष्कर्म किया था, उसके बाद से वह कई बार दुष्कर्म कर चुका है। बताया जाता है कि उसके मां-बाप मजदूरी करते हैं, जिसकी वजह से पीड़िता और उसका भाई दोपहर में अकेले रह जाते थे। इसके बाद माता पिता आरोपी को खुद थाने ले गए और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

## भविष्य की दृष्टि से खेल अधोसंरचना विकास के कार्य का प्लान तैयार करें:सारंग

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भविष्य की दृष्टि से खेल अधोसंरचना विकास के कार्य करने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्लान तैयार कर कार्यों को स्वीकृत कराया जाये जिससे जल्द से जल्द से कार्य शुरू हो और भविष्य में खिलाड़ियों को इसका लाभ मिले। मंत्री श्री सारंग बुधवार को तात्या टोपे खेल स्टेडियम खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने खेल अधोसंरचना विकास की दृष्टि से सिविल विंग बनाने को भी कहा, जिससे इन्फ्रास्टेक्चर का रख-रखाव हो सके। मंत्री श्री सारंग पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये इसका आयोजन करवाने को कहा। उन्होंने विकासखंड स्तर पर भी पारम्परिक खेलों पर ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने समर कैम्प का समापन होने के पहले खिलाड़ियों की स्पर्धा भी कराई जाए। जिससे खिलाड़ियों का हुनर सामने आये। साथ ही उन्होंने खेलों

# स्कूल बसों का चैकिंग अभियान 133 बसों पर की गई कार्रवाई

**चार साल से बिना फिटनेस के चल रही बस पकड़ाई**

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



राजधानी भोपाल में हाल ही में बाणगंगा क्षेत्र में हुई एक स्कूल बस दुर्घटना के बाद जारी परिवहन विभाग और ट्रैफि क पुलिस बस चेकिंग अभियान के दूसरे दिन बुधवार को 133 बसों पर कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग ने भी 18 बसों पर कार्यवाही की है, इस दौरान एक ऐसी बस भी पकड़ी गई जो पिछले 4 सालों से लगातार बिना फिटनेस के चल रही थी। इससे पहले मंगलवार को शहर के 19 प्रमुख स्थानों पर एक साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 256 स्कूल और कॉलेज बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 115 बसों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई। यह चेकिंग अभियान 31 मई 2025 तक लगातार जारी रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों में किसी प्रकार के गैरकानूनी या असुरक्षित उपकरणों का प्रयोग न करें। किसी भी तरह की जानकारी या शिकायत के लिए 0755-2677340 या 2443850 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 16 बसों पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

परिवहन विभाग के उपनिरीक्षक अंकुर गुप्ता ने बताया कि परिवहन विभाग ने भी चेकिंग अभियान के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए 16 बसों पर कुल 30,000 का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा 2 बसों को जब्त किया गया, जिनमें से एक बस पिछले लगभग चार वर्षों से बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के ही संचालित हो रही थी, वहीं एक अन्य बस ने टैक्स नहीं भरा था।

## जंगल में मिट्टी खोदने के विरोध को लेकर वनरक्षक पर हमला

सूखीसेवनिया इलाके के प्रेमपुरा के जंगल में मिट्टी खोदने को लेकर हंगामा हो गया। ग्रामीण घर बनाने के लिए मिट्टी खोद रहे थे। उन्हें वनरक्षक ने रोका तो उन्होंने झूमाझटकी कर दी। आरोप है कि ग्रामीणों ने वनरक्षक से अभद्रता की और फावड़ा मारने की कोशिश की। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक प्रेमसिंह वन विभाग में वनरक्षक हैं। वर्तमान में वह सूखी सेवनिया क्षेत्र स्थित प्रेमपुरा गांव के जंगल में पदस्थ हैं। सोमवार शाम पांच बजे प्रेमपुरा निवासी पप्पू उर्फ करिया अपने एक साथी के साथ जंगल में मिट्टी खोद रहा था। वनरक्षक ने उसे रोका तो वह अभद्रता करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। उसने कर्मचारी से झूमाझटकी कर दी।

## डाव के खिलाफ मामले में अधिकार क्षेत्र पर कोर्ट में आज फिर सुनवाई

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



गैस त्रासदी से जुड़े आपराधिक मामले में गुरुवार को जिला अदालत में यूनियन कार्बाइड की मालिक डाव केमिकल के खिलाफ सुनवाई करने के भोपाल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के सम्बन्ध में जेएमएफसी हेमलता अहिरवार की अदालत में फिर सुनवाई होगी। गौरतलब है कि भोपाल गैस कांड के क्रिमिनल मामले में अभियुक्त यूनियन कार्बाइड को जिला अदालत द्वारा 1992 से भगोड़ा घोषित किया गया था। 2005 से सीबीआई और जांच एजेंसी को मदद करने वाले संगठन भोपाल ग्रुप फॉर इंफार्मेशन एंड एक्शन डॉव केमिकल अमरीका को भारत की अदालत में लाने का लगातार प्रयास कर रहे थे। इसके बाद 3 अक्टूबर 2023 को ये प्रयास सफल हुआ जब डॉव केमिकल भोपाल जिला अदालत में अपने वकीलों के जरिये पेश हुई। हालांकि इसके बाद से करीब डेढ़ साल से जारी सुनवाई में डॉव केमिकल लगातार यही बोलती आ रही है कि वह एक अमरीकी कंपनी है। भारत की अदालत का उन पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता। अक्टूबर 2023 से शुरू हुई सुनवाई के बाद से अभी तक अदालत डॉव के अधिकार क्षेत्र पर कोई निर्णय नहीं ले पाई है।

**आखिरी बार साल 2021 में अनुमति ली थी, दो दिन में 36 गार्डन सील**

# भोपाल के 80 से ज्यादा मैरिज गार्डनों के पास लाइसेंस नहीं

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

राजधानी में 80 से अधिक मैरिज गार्डन बिना लाइसेंस के चल रहे हैं। इनमें धड़ल्ले से बुकिंग हो रही हैं और सीजन में सभी फुल चल रहे हैं। नगर निगम के मुताबिक ज्यादातर मैरिज गार्डन संचालकों ने आखिरी बार साल 2021 में अनुमति ली थी। इसके बाद कोई भी मैरिज गार्डन संचालक निगम के पास लाइसेंस के लिए नहीं आया। बीते साल जरूर निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने लाइसेंस जांचे थे। वहीं दो दिन से एक बार फिर शहर में यह जांच शुरू हुई है। इन दो दिनों में 36 गार्डनों को सील किया जा चुका है। दरअसल नगर निगम सीमा में संचालित 180 मैरिज गार्डनों में से मात्र 100 ही निगम से अनुमति लेकर चलते हैं। बाकी 80 मैरिज गार्डन सालों से अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं।



निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा तीन साल के लिए गार्डन संचालन की अनुमति जारी करता है। आखिरी बार मार्च-अप्रैल 2021 में 90 गार्डनों को अनुमति जारी की गई थी। जिनकी समयावधि खत्म हो गई। निगम ने सभी को नोटिस थमाए, जिसमें से 50 ने आवेदन कर दिया। लेकिन बाकी 40 गार्डन संचालकों ने कोई आवेदन नहीं किया। इसलिए निगम गार्डनों पर ताले डाल रहा है। दो दिन पहले निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने 19 गार्डन सील किए थे।

### 50 व्यक्ति का प्रोग्राम वालों को अनुमति लेना जरूरी

बिल्डिंग परमिशन शाखा के मुताबिक 50 व्यक्ति से अधिक एकत्रित होने की क्षमता रखने वाले सभी स्थान जैसे होटल, प्लाट, फार्म हाउस, सामुदायिक केन्द्र, क्लब, बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला को भी नगर निगम से अनुमति लेना जरूरी है। अगर इनमें विवाह, सगाई, बारात घर, जन्म दिवस या अन्य प्रोग्राम किए जा रहे हैं तो बिना अनुमति आयोजन पर निगम को कार्रवाई का अधिकार है।

**रिकार्ड में सील, पर बुकिंग जारी:** नगर निगम के रिकार्ड में लगभग 50 से अधिक मैरिज गार्डन सील हैं लेकिन इनमें वैवाहिक कार्यक्रम जारी हैं। ज्यादातर में बीते साल ही निगम ने ताले लगा दिए थे। यह कार्रवाई बिल्डिंग परमिशन शाखा के अनिल शाहनी ने की थी लेकिन तालाबंदी के बाद निगम ने इन्हें पलटकर नहीं देखा और संचालकों ने दूसरे गेट खोलकर कार्यक्रम शुरू करवा दिए।

### इनका कहना है

लगातार अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में 36 गार्डन सील किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई जारी रहेगी। नियमानुसार अनुमति न लेने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

■ **अनूप गोयल,** चीफ सिटी प्लानर भोपाल

**दो दिन में 36 गार्डन सील**

निगम की बिल्डिंग परमिशन सेल ने दो दिन की कार्रवाई में 36 मैरिज गार्डन और शादी हॉल सील कर दिए। बुधवार को भव्य मनोरमा भानपुर विदिशा रोड, मन्नत गार्डन छोला रोड, सरोवर शादी हॉल कबाड़खाना, क्रिस्टल मैरिज गार्डन दाता कॉलोनी, गंगोत्री होटल शर्मा विष्णु गार्डन, शिवसांवरिया मैरिज गार्डन नीलबड़, रोज मैरिज गार्डन नायरा पेट्रोल एयरपोर्ट रोड, एयरो मैरिज गार्डन अब्बास नगर, 3 जेम्स लाउंज दाता कॉलोनीए लाऊखेड़ी, वेलकम फार्म गार्डन फिजा फॉर्म्स हलालपुरा, व्हिसप्रिंग पॉम दाता कॉलोनी, मयूर शादी हॉल नारियलखेड़ा, आलम शादी हॉल अहाता मनकशा, तोमर शादी हॉल सुभाष नगर, हयाती शादी हॉल, डायमंड शादी हॉल और रमेशचंद्र स्मृति सामुदायिक भवन चित्रगुप्त नगर कोटरा में तालाबंदी की।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।